विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911
बेड, सोफा, डीवान, कुर्सी, पलंग, डिनिंग टेबल, ड्रेसिंग टेबल सहित सभी प्रकार के फर्नीचर के निर्माता एवं विक्रेता
सदर बिजार, रेलवे क्रॉसिंग के पास, पावर हाउस रोड, कोरबा
सभी प्रकार फर्नीचर का ट्रांजिट

तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 35 अंक 306 | कोरबा, सोमवार, दिनांक 05 अगस्त 2024 डाक 06 अगस्त 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

विविधा
केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी ने वायनाड जिले के मेप्पाडी में भूस्खलन के केंद्र का दौरा किया

देश-विदेश
कई राज्यों में कुदरत का कहर, केदानाथ में 400 यात्री फंसे, हिमाचल में चौथे दिन मिले पांच शव

फीचर पेज
मानसून में ना करें खाने से जुड़ी ये गलतियां, सेहत पर होगा नेगेटिव असर

सीएम विष्णुदेव साय ने भोरमदेव बाबा भगवान शिव का दर्शन कर किया रुद्राभिषेक

रायपुर, 05 अगस्त [एजेंसी]।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के साथ भोरमदेव बाबा भगवान शिव जी का दर्शन कर मंत्रोच्चारण के साथ विशेष पूजा-अर्चना और रुद्राभिषेक किया तथा प्रदेश की समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की और आशीर्वाद लिया। कवर्धा से 18 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम चौरा में 11वी शताब्दी का प्राचीन, ऐतिहासिक और पुरातत्व महत्व का स्थल बाबा भोरमदेव का मंदिर है। इस मंदिर में भगवान शिव जी विराजित है। भगवान शिव देवों के देव महादेव में जल अभिषेक की परम्परा सदियों चली आ रही है। हर वर्ष श्रावण माह में कांवरियों द्वारा पदयात्रा कर शिव मंदिरों में जल चढ़ाया जाता है, जिसे कांवड़ यात्रा कहा जाता है। सावन के इस पवित्र माह में कबीरधाम, पड़ोसी जिला मुंगेली, बेमेतरा, खैरागढ़, राजनांदगांव सहित मध्यप्रदेश के अमरकंटक से छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक, पुरातात्त्विक, धार्मिक एवं पर्यटन महत्व स्थल कबीरधाम जिले बाबा भोरमदेव मंदिर, बूढ़ा महादेव मंदिर और डोंगरिया के प्राचीन जालेश्वर शिवलिंग में जलाभिषेक करने हजारो की संख्या में आते है। पवित्र सावन माह में शिवभक्तों द्वारा अमरकंटक से भोरमदेव मंदिर तक की 150 किलोमीटर की कांवड़ यात्रा जलाभिषेक किया जा रहा है।

सीएम साय ने भोरमदेव मंदिर परिसर में कावड़ियों-श्रद्धालुओं को प्रसाद का किया वितरण

कवर्धा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भोरमदेव मंदिर परिसर में कावड़ियों और श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया। कवर्धा से 18 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम चौरा में 11वी शताब्दी का प्राचीन, ऐतिहासिक और पुरातत्व महत्व का स्थल बाबा भोरमदेव का मंदिर है। इस मंदिर में भगवान शिव जी विराजित है। भगवान शिव देवों के देव महादेव में जल अभिषेक की परम्परा सदियों चली आ रही है। हर वर्ष श्रावण माह में कांवरियों द्वारा पदयात्रा कर शिव मंदिरों में जल चढ़ाया जाता है, जिसे कांवड़ यात्रा कहा जाता है। सावन के इस पवित्र माह में कबीरधाम, पड़ोसी जिला मुंगेली, बेमेतरा, खैरागढ़, राजनांदगांव सहित मध्यप्रदेश के अमरकंटक से कावड़िया पदयात्रा कर छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक, पुरातात्त्विक, धार्मिक एवं पर्यटन महत्व स्थल कबीरधाम जिले बाबा भोरमदेव मंदिर, बूढ़ा महादेव मंदिर और डोंगरिया के प्राचीन जालेश्वर शिवलिंग में जलाभिषेक करने हजारो की संख्या में आते है। पवित्र सावन माह में शिवभक्तों द्वारा अमरकंटक से भोरमदेव मंदिर कांवड़ यात्रा जलाभिषेक किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री साय ने भोरमदेव में कावड़ियों पर हेलीकॉप्टर से की पुष्प वर्षा

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज कबीरधाम जिले के भोरमदेव में शिव भक्तों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की। इस दौरान उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा साथ थे। मुख्यमंत्री ने आज भोरमदेव में सावन सोमवार के अवसर पर हजारों की संख्या में पहुंचे शिव भक्तों, जो सैकड़ों किलोमीटर पैदल यात्रा कर शिवजी का जल अभिषेक करने आए हैं, पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की। यह आयोजन छत्तीसगढ़ में पहली बार हो रहा है, जब प्रदेश के मुखिया स्वयं कावड़ियों पर पुष्प वर्षा किये। मुख्यमंत्री द्वारा पुष्प वर्षा का यह क्षण श्रद्धालुओं के लिए ऐतिहासिक रहा। पहली बार राज्य के मुख्यमंत्री स्वयं कावड़ियों पर पुष्प वर्षा किये, जिससे श्रद्धालुओं का उत्साह और भी बढ़ गया। इस आयोजन से छत्तीसगढ़ की धार्मिक परंपराओं और संस्कृति को और भी सशक्त बनाएगा।

डिप्टी सीएम अरुण साव के भांजे का शव बरामद, निधन पर सीएम साय ने जताया शोक

कवर्धा, 05 अगस्त [एजेंसी]।

रानीदहरा जलप्रपात में रविवार को छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम अरुण साव का भांजा नहाने के दौरान लापता हो गया था। रेस्क्यू ऑपरेशन चलने के बाद आज तुषार साहू के शव को बरामद कर लिया गया है। यह पूरा मामला बोड़ला थाना के रानी दहरा गांव का है। जानकारी के अनुसार तुषार साहू (21 वर्ष) रविवार यानी फ्रेंडशिप डे के दिन अपने 6 दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने रानी दाहरा जलप्रपात गया था और नहाने के दौरान युवक डूबा गया। सूचना के बाद मौके पर पुलिस पहुंची है और नदी में युवक की खोजबीन शुरू की लेकिन उसका कोई पता नहीं लगा। वहीं प्रशासन ने आज सुबह फिर से बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया और शव को बरामद कर लिया है। सीएम का ट्वीट - कवर्धा के रानीदहरा जलप्रपात में उपमुख्यमंत्री अरुण साव के भांजे तुषार साहू के डूबने की हृदयविदारक सूचना प्राप्त हुई। घटना से मन व्यथित है।

ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान करने की विनम्र प्रार्थना करता हूं . शांति. विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव के भांजे के निधन पर शोक व्यक्त किया है. डॉ. रमन सिंह ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर लिखा, 'रानीदहरा जलप्रपात में उपमुख्यमंत्री अरुण साव जी के भांजे तुषार साहू के डूबने की दुखद सूचना प्राप्त हुई।

इस हृदयविदारक समाचार से मन अत्यंत व्यथित है, मैं महादेव से प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत आत्मा को शांति और शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में धैर्य और संबल प्रदान करें।

300 मौतें... हजारों घायल और देश में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू

- सरकारी नौकरियों में आरक्षण कोटा को लेकर है विवाद
- शेख हसीना सरकार के सामने शांति व्यवस्था बनाए रखना चुनौती
- प्रदर्शनकारियों की पुलिस से 20 जिलों में झड़प

ढाका। बांग्लादेश में सरकारी नौकरी में आरक्षण खत्म करने और प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों और सत्तारूढ़ पार्टी के समर्थकों के बीच भड़की हिंसा में अब तक 14 पुलिसकर्मियों समेत करीब 300 लोगों की जान चली गई है। हिंसा में हजारों लोग घायल हुए हैं। बांग्लादेश में हालात इतने खराब हो चुके हैं कि पूरे देश में अनिश्चित काल के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया है। साथ ही प्रदर्शन को दबाने के लिए देश में इंटरनेट सेवा पर बैन लगा दिया गया है। हाईवे और सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने वाले छात्रों पर पुलिस गोली मारने के साथ में आंसू गैस के गोले छोड़ रही है। छात्र देश में असहयोग अभियान चला रहे हैं। पुलिस बलों और प्रदर्शनकारियों की कम से कम 20 जिलों में झड़प हुई। प्रदर्शनकारी लगातार प्रदर्शन करके प्रधानमंत्री शेख हसीना पर इस्तीफा देने के लिए दबाव बनाए रखना चाहते हैं।

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म, गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद)
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

एलजी कर सकते हैं दिल्ली नगर निगम में एल्डरमैन की नियुक्ति, सुप्रीम कोर्ट से मिली हरी झंडी

नईदिल्ली, 05 अगस्त [एजेंसी]।

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली नगर निगम में 10 'एल्डरमैन' नामित करने के दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना के फैसले को बरकरार रखा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दिल्ली नगर निगम में 10 'एल्डरमैन' नामित करने के एलजी के फैसले को मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह की आवश्यकता नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एमसीडी में सदस्यों को नामित करने की एलजी की शक्ति एक वैधानिक शक्ति है, न कि कार्यकारी शक्ति। इससे पहले दिल्ली में एमसीडी के पार्षदों की नियुक्ति का फैसला बिना अरविंद केजरीवाल सरकार के मंत्रियों से विचार-विमर्श कर किए जाने का आम आदमी पार्टी ने विरोध किया था।

इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई थी। जिस पर आज सुप्रीम कोर्ट ने निर्णय दिया है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के इस फैसले पर मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस पीएस नरसिम्हा, जेबी पार्डीवाला ने पिछले साल 17 मई को सुनवाई के बाद आदेश को सुरक्षित रख लिया था। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल इस मामले में कहा था कि एमसीडी के पार्षद मनोनीत करने की शक्ति उपराज्यपाल के पास होने का मतलब है कि वह नगर निगम को अस्थिर कर सकते हैं। एमसीडी में 250 निर्वाचित व 10 मनोनीत सदस्य होते हैं।पिछले साल जब पार्षदों को मनोनीत किया गया था, तब उपराज्यपाल ऑफिस की ओर से कहा गया था कि डीएमसी एक्ट के तहत प्राप्त शक्तियों के तहत उपराज्यपाल को 10 लोगों को नगर निगम में मनोनीत करने का अधिकार है। इसमें कहा गया था कि उपराज्यपाल को कानूनी और संवैधानिक प्रावधानों के तहत पार्षदों को नियुक्ति का पूरा अधिकार है। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने दावा किया था कि एमसीडी में सदस्यों का मनोनयन दिल्ली सरकार ही करती है, लेकिन एलजी ने बिना सरकार से सलाह लिए सदस्यों को नामित किया। संविधान के तहत मनोनयन का अधिकार सरकार के पास है।

मंदिर, घोड़ी और छुआछूत, एससी-एसटी रिजर्वेशन पर सुप्रीम कोर्ट पर भड़के चिराग

पटना, 05 अगस्त [एजेंसी]।

चिराग पासवान ने रिजर्वेशन पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर नाराजगी जाहिर की है। चिराग पासवान ने कहा है कि लोजपा (रामविलास) इस फैसले के खिलाफ पुनर्विचार याचिका दाखिल करने जा रही।दलितों के साथ होने वाले भेदभाव के मामलों का हवाला देते हुए चिराग ने कहा कि आज भी दलितों के साथ जाति के आधार पर भेदभाव होता है। आज भी दलित समाज से आने वाले युवाओं को घोड़ी पर चढ़ने से रोक दिया जाता है। मंदिरों में पूजा नहीं करने दी जाती है।

चिराग ने आगे कहा कि ऐसे कई बड़े नाम हैं, जो बड़े पदों पर हैं, लेकिन अगर वे मंदिर जाते हैं तो मंदिर को गंगाजल से धुलवाया जाता है।

क्रीमी लेयर को आरक्षण के लाभ से वंचित करने के फैसले पर चिराग ने कहा कि अनुसूचित जातियों को मिलने वाले आरक्षण का आधार छुआछूत है न कि आर्थिक। चिराग ने आगे कहा कि संविधान में आरक्षण का जो प्रावधान है, उसका आधार छुआछूत रहा है, ऐसे में इसमें क्रीमी लेयर का प्रावधान हो ही नहीं सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने बीते गुरुवार को आरक्षण पर ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए एससी-एसटी आरक्षण में वर्गीकरण को मंजूरी दे दी है। इस फैसले के बाद मौजूदा आरक्षण कोटे के अंदर भी कोटा बनाया जा सकेगा। कोर्ट ने एससी, एसटी वर्ग के आरक्षण में से क्रीमीलेयर को चिन्हित कर बाहर करने की जरूरत पर भी बल दिया है।

बीआरएस नेता कविता को न्यायलय से मिला झटका

राउज एवेन्यू कोर्ट ने जमानत याचिका की स्थगित

नईदिल्ली, 05 अगस्त [एजेंसी]।

भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के कविता को सोमवार को कोर्ट से झटका लगा है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने कविता की दिल्ली आबकारी नीति केस में जमानत याचिका पर सुनवाई 7 अगस्त तक के लिए स्थगित कर दी। तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव की बेटी कविता के वकील ने कोर्ट से बहस के लिए समय मांगा है। उन्होंने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े सीबीआई मामले में डिफॉल्ट जमानत मांगी है।

पेवर ब्लॉक
सीमेंट से निर्मित (राखड़ मुक्त) उच्च क्वालिटी के पेवर ब्लॉक
जिग्जैक आई कॉस्मिक बर्फी एक्सकॉन
एवं अन्य प्रकार के डिजाइन में
उचित मुल्य पर उपलब्ध
चेकर टाईल्स
पेट्रोल पंप के लिए रबर मोल्ड जिग्जैक भी उपलब्ध है ।
संपर्क करें - 94255-40449
ऐरन इंटरप्राईजेस
कोरबा (छ.ग.)

धारा 370 हटने के पांच साल, जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद, चप्पे-चप्पे पर कड़ा पहरा

श्रीनगर, 05 अगस्त [एजेंसी]।

केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटने की आज पांचवीं वर्षगांठ है। धारा 370 को निरस्त करने के पांच साल पूरे होने पर सोमवार को जम्मू के अखनूर इलाके में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने अखनूर एलओसी इलाके में जगह-जगह चेकपोस्ट बनाई है और सुरक्षा बल के जवान गश्त कर रहे हैं। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ-साथ अन्य सुरक्षा एजेंसियां भी अलर्ट मोड पर हैं। सुरक्षा बलों द्वारा वाहनों और दस्तावेजों की भी गहननता से जांच की जा रही है। ज्ञात हो कि 5 अगस्त, 2019 को धारा 370 हटाई गई थी, जिससे जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा और राज्य का दर्जा भी खत्म हो गया था।

साथ ही जम्मू-कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित किया गया था। धारा 370 हटाने की पांचवीं वर्षगांठ के मद्देनजर जम्मू-कश्मीर में शहर से लेकर गांव तक कड़ी निगरानी की जा रही है ताकि पाकिस्तान से किसी भी तरह की घुसपैठ या अन्य घटनाओं को रोका जा सके। दक्षिण जम्मू के पुलिस अधीक्षक अजय शर्मा ने कहा, आतंकवादी गतिविधि को देखते हुए हम हमेशा सतर्क रहते हैं। चाहे वह 5 अगस्त हो या 15 अगस्त। हम अपनी सुरक्षा तैयारियों के बारे में सबकुछ नहीं बता सकते। लेकिन, हम सभी को आश्वस्त करना चाहते हैं कि सुरक्षा के मामले में हम कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। उल्लेखनीय है कि हाल के महीनों में जम्मू क्षेत्र में आतंकवादी हमलों में बढ़ोत्तरी देखने को मिली है। जिसमें कठुआ में सेना के काफिले पर हमला और डोडा और उधमपुर में मुठभेड़ की घटनाएं शामिल हैं। बीते महीने जुलाई में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने लोकसभा में जानकारी देते हुए बताया था कि इस साल 21 जुलाई तक 11 आतंकवाद से संबंधित घटनाओं और 24 मुठभेड़ों या आतंकवाद विरोधी अभियानों में नागरिकों और सुरक्षा कर्मियों सहित कुल 28 लोग मारे गए हैं। पिछले महीने, जम्मू और कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के मच्छल सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर पाकिस्तान बॉर्डर एक्शन टीम के हमले को भारतीय सेना के जवानों ने नाकाम कर दिया था, जिसमें एक पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया था।

हरियाली और समृद्धि का संदेश लेकर आया हरेली का पर्व:लखन

कोरबा। बालकोनगर के रामलीला मैदान में सार्वजनिक हरेली आयोजन समिति द्वारा आयोजित हरेली कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन शामिल हुए। इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने कृषि औजारों और गेड़ी की पूजा कर परंपरागत रूप से हरेली त्योहार मनाया। उन्होंने छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना कर अच्छी फसल और किसानों की खुशहाली व समृद्धि की कामना की। उन्होंने प्रदेश के पारंपरिक पर्व हरेली तिहार के अवसर पर आम नागरिकों को अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा है कि छत्तीसगढ़ एक कृषि प्रधान राज्य है। हरियाली अमावस्या को मनाया जाने वाला हरेली त्यौहार का छत्तीसगढ़ के जनजीवन में व्यापक प्रभाव देखा जा सकता है। इस दिन किसान भाई नांगर (हल) एवं कृषि औजार की पूजा करते है, जो हमारे कृषि प्रधान संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। वहीं दूसरी ओर देखा जाए तो हरेली पर्व का महत्व धरती को हरा-भरा बनाये रखने के लिए पेड़-पौधे की महत्ता को भी प्रदर्शित करता है। मंत्री श्री देवांगन ने आयोजक समिति को हरेली आयोजन के लिए प्रतिवर्ष 50 हजार रूपए की राशि देने की घोषणा की। उन्होंने कहा की हमारे आने वाली पीढ़ी को इस पर्व की जानकारी होने चाहिए। आप सभी के द्वारा प्रयास किया जा रहा है। इसकी जितनी भी सराहना की जाए उतनी भी कम है। मंत्री श्री देवांगन ने आयोजक समिति से आने वाले वर्ष में ओर भी भव्य तरीके से आयोजित करने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने सांस्कृतिक नृत्य, मटका फोड़, गेड़ी दौड़ प्रतियोगिता में शामिल होने वाले बच्चों को पुरस्कृत कर उनका हौसला अफजाई किया। इस अवसर पर वॉर्ड क्रमांक 16 के पार्षद नरेंद्र देवांगन, बालको मंडल के अध्यक्ष शिव बालक तोमर, सत्येंद्र दूबे, पार्षद लुकेश्वर चौहान, समिति के सदस्य अशोक पटेल, अमर साहू, जितेंद्र वर्मा, धरम साहू समेत अन्य उपस्थित रहे।

जरूरतमंदों को दिया गया सिलाई मशीन एवं पावर चस्मा

कोरबा । कोरबा क्षेत्र में परहित व कल्याण के लिए समर्पित सेवा व सद्भाव से अर्पित की भावना के साथ श्रद्धा महिला मंडल एसईसीएल बिलासपुर की अध्यक्षा के निर्देशन में सृष्टि महिला समिति द्वारा संचालित निशुल्क सिलाई एवं कंप्यूटर प्रशिक्षण चलाया जा रहा है। इस प्रशिक्षण की अवधि 6 महीने की थी जिसका उद्देश्य महिलाओ में आत्मनिर्भरता का भाव जगाना है। इसी के समापन समारोह के कार्यक्रम में अध्यक्षा, श्रद्धा महिला मंडल श्रीमती पूनम मिश्रा के करकमलो द्वारा 14 सिलाई प्रशिक्षणार्थी तथा 16 कंप्यूटर प्रशिक्षणार्थी को सर्टीफिकेट प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि हमे आत्मनिर्भर बनने के लिए मार्केटिंग भी जरूरी है आपने जो परीक्षण प्राप्त किया है उससे रोजगार प्रारंभ कर सकते है इसके साथ ही सभी सिलाई प्रशिक्षणार्थियों को आत्मनिर्भरता एवं स्वरोजगार के लिए सिलाई मशीन भी प्रदान किया गया।इसके पश्चात निकटतम गांव में किए गए नेत्र परीक्षण उपरांत चयनीत 72 जरूरतमंद वृद्ध तथा निशक्त जनों के बीच पावर चश्मा का वितरण किया गया।

पुलिस अधिकारी पर चलेगा अवमानना का प्रकरण

कोरबा। कोरबा जिला पुलिस बल में कार्यरत व तत्कालीन बांकीमोंगरा थाना के प्रभारी निरीक्षक प्रमोद डडसेना पर न्यायालय के आदेश की अवमानना किए जाने के मामले में प्रकरण चलाए जाने का आदेश जारी किया गया है। इस संबंध में उन्हें नोटिस जारी करने के लिए निर्देशित किया गया है। इसके साथ ही जिस दुकानदार को उन्होंने लाभ पहुंचाते हुए अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर उसे वादग्रस्त दुकान में फिर से कब्जा दिलाया था, उसके विरुद्ध भी अवमानना का प्रकरण चलाया जाएगा। द्वितीय जिला न्यायाधीश,कटघोरा जितेन्द्र कुमार सिंह ने वादग्रस्त दुकान का कब्जा पुनः पीड़ित पक्ष को सौंपे जाने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई का आदेश जारी किया है।

मामला इस प्रकार है कि पीड़ित वादी रामलाल चौहान 70 वर्ष पिता-मालिक राम चौहान, निवासी कुदरीपारा मेन रोड हटरी के सामने की बांकी मोगरा स्थित दो दुकानों पर कब्जा किए जाने के मामले में प्रस्तुत आवेदन पर सुनवाई करते हुए पूर्व में उच्च न्यायालय द्वारा 20 अप्रेल 2024 को पक्ष में आदेश पारित किया गया।

दूसरे पक्ष के प्रतिवादी हेतराम साहू 29 वर्ष पिता तुलाराम साहू, निवासी कटईनार, बांकीमोंगरा क्रां. नं 144 से दुकान खाली करा कर कब्जा सौंपा जाना था जिसके संबंध में उच्च न्यायालय के आदेश की तामिली कराते हुए विधिवत कब्जा न्यायालय के आदेशवाहक के समक्ष रामलाल चौहान को दिलाया गया। जब 27 अप्रैल को रामलाल दुकान खोलने पहुंचा तो उसके साथ दूसरे पक्ष के लोगों के द्वारा वाद विवाद किया गया। मामला थाना पहुंचने पर थाना प्रभारी प्रमोद डडसेना स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और पीड़ित रामलाल पर ही कब्जा करने का आरोप लगाते हुए उसे थाना ले जाकर 2 घंटे तक बैठाए रखा और जेल भेजने की धमकी दी। पीड़ित पक्ष के अधिवक्ता प्रमोद सोनी जब थाना पहुंचे तो उनके साथ भी दुर्व्यवहार किया गया। थानेदार पर आरोप रहा कि उसके द्वारा दूसरे पक्ष के लोगों को उक्त दुकान में अवैधानिक तरीके से काबिज कराया गया।

इस मामले में पीड़ित पक्ष ने पुनः न्यायालय की शरण ली और अपर सत्र न्यायालय,कटघोरा में वाद प्रस्तुत किया। प्रकरण के विचारण उपरांत न्यायाधीश ने प्रतिवादी हेतराम साहू और थाना प्रभारी प्रमोद डडसेना को न्यायालय के आदेश की सिविल अवमानना करने का दोषी पाया है और पृथक से अवमानना का प्रकरण दोनों के विरुद्ध प्रारम्भ किये जाने संबंधी आदेश जारी किए हैं। टीआई डडसेना वर्तमान में सिविल लाइन रामपुर थाना के प्रभारी हैं।

चालू नही हो सकी एचटीपीपी की यूनिट

कोरबा। कोरबा जिले में स्थापित बिजली उत्पादन कंपनी ने हसदेव ताप विद्युत गृह एक नंबर को वार्षिक रखरखाव के लिए बंद किया है। कई दिनों तक यूनिट की मरम्मत की गई है। हाल ही में इसे चालू किया गया तो यूनिट से वाइब्रेशन आना शुरू हो गया। इसे देखते हुए प्रबंधन ने इस इकाई को फिर से बंद कर दिया है। यूनिट कब तक शुरू होगी, यह अभी स्पष्ट नहीं है। लेकिन इस यूनिट के उत्पादन के बाहर होने से छत्तीसगढ़ बिजली उत्पादन कंपनी को 210 मेगावाट विद्युत का नुकसान हो रहा है। इससे कंपनी पर आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने कराया गया स्वर्ण बिन्दू प्राशन्न

कोरबा । अंचल के आयुर्वेद सदन पंचकर्म चिकित्सालय टी.पी. नगर में पहुंचे बच्चों को पंचकर्म चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. मनीषा सिंह ने स्वर्ण बिन्दू प्राशन्न कराया। 03 अगस्त को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक पूष्य नक्षत्र में बच्चों को स्वर्ण बिन्दू प्राशन्न कराया गया। डॉ. मनीषा सिंह ने मानसून में होने वाली बीमारियों एवं उनकी रोकथाम के उपाए भी अभिभावकों को बताए, ताकि बच्चे स्वस्थ रहें।

उन्होंने कहा कि मानसून में खान-पान पर विशेष ध्यान देना चाहिए और बच्चों को बरसात के पानी में भीगने से बचाएं। अभी गर्मी और बरसात के बीच पर्यावरण में उमस होने के कारण वायरल बुखार काफी तेजी से फैलता है, ऐसे में सावधानी बरतना जरूरी है। उन्होंने कहा कि हो सके तो पानी को उबाल कर पीएं, खाने-पीने की चीजें, खासकर फल एवं हरी सब्जियों को अच्छी तरह से गरम पानी में धोएं और उसके बाद ही उपयोग में लाएं। घर तथा परिसर में मच्छर को पनपने न दें और घर तथा परिसर को स्वच्छ रखें।

प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों को स्पोकन इंग्लिश का दिया गया प्रशिक्षण

करतला। राज्य शैक्षिक अनुसंधान परिषद रायपुर एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कोरबा के निर्देश पर प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों को अंग्रेजी सीखने एवं बोलने के लिए 5 दिन से स्पोकन इंग्लिश का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण शासकीय बालक आश्रम शाला रामपुर में 29 जुलाई से 2 अगस्त तक आयोजित हुआ यह प्रशिक्षण एससीईआरटी रायपुर से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर सुरेश सिंह टेकाम, राकेश नीलम बड़ा एवं राकेश राजवाड़े के माध्यम से संपन्न किया गया। प्रशिक्षण ड्राइट कोरबा प्राचार्य आर एस सराफ के निर्देशानुसार और विकासखंड शिक्षा अधिकारी संदीप पाण्डेय, विकासखंड स्रोत समन्वयक अजय तिवारी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण के प्रथम दिवस से लेकर पांचवे दिवस तक प्रातः 10:00 बजे से लेकर 5:00 बजे तक प्राथमिक शिक्षकों के अंग्रेजी भाषा क्षमता विकास और स्पोकन इंग्लिश के समस्त गतिविधियों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया द्य सुरेश सिंह टेकाम ने फाईडिंग योर ट्रिवंस , ब्लेंड क्रिएचर, फ्लुएंसी इन स्पीकिंग इंग्लिश, जास ऑफ़ डेथ, प्रेजेंटिंग एडवर्टाइजमेंट , कल्चरल एक्टिविटीज, शेयरिंग रेसिपीज आदि गतिविधियों के माध्यम से अंग्रेजी भाषा सीखने के कौशल की जानकारी प्रदान दी अंग्रेजी भाषा को क्रिएटिव तरीके से किस प्रकार सीखें इसके लिए राकेश नीलम बड़ा ने लिंकर शब्द, डिफरेंट यूजेस आफ हेल्पिंग वर्ब्स,डिफरेंट स्ट्रक्चर्स का स्पोकन इंग्लिश में यूजेस जैसे बिंदुओं पर अपनी प्रस्तुति प्रदान की द्य सुरेश सिंह टेकाम में सेल्फ इंट्रोडक्शन ट्रिक, प्रोपोजिशन , क्वेश्चन निर्माण के विभिन्न तरीके जैसे महत्वपूर्ण ग्रामेटिकल बिंदुओं पर प्रशिक्षण प्रदान किया द्य इसके साथ ही गेसिंग गेम , क्वाट'एस एवर स्पीकिंग नॉन स्टॉप , सिचुएशनल कन्वर्सेशन ,स्टोरी ऑफ़ माय लाइफ आदि गतिविधियों के माध्यम से अंग्रेजी प्रशिक्षण प्रदान किया द्य प्रेजेंटेशन बाय ग्रुप में क्रिएटिविटी तरीके से अंग्रेजी भाषा सीखने के कौशल पर प्रकाश डाला गया द्य प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्राथमिक स्तर के बच्चों में अंग्रेजी बोलने की कौशल को सृजित करना था द्य इसके अन्तर्गत सभी शिक्षकों को अपने विद्यालय में अंग्रेजी के भय को खत्म करते हुए बच्चों को एक उपयुक्त वातावरण का निर्माण करते हुए उन्हें अंग्रेजी जैसे मुख्य विषय पर फोकस करने के लिए एक वातावरण निर्माण करने के लिए भी कहा गया द्य प्रशिक्षण में शिक्षकों ने जो सीखा उसे अपने विद्यालय में प्रदान कर विद्यालय का वातावरण निर्माण पर बच्चों को स्पोकन इंग्लिश के तहत अपनी वार्तालाप अंग्रेजी के माध्यम से कर सकेंगे, इसके लिए बच्चों को तैयार करने के लिए भी कहा गया द्य प्रशिक्षण की एक विशेषता यह थी कि सभी प्रशिक्षणर्थी और मास्टर ट्रेनर्स आपस में अंग्रेजी में ही वार्तालाप और फीडबैक भी प्रस्तुतिकरण कर रहे थे द्य सभी शिक्षकों शिक्षकों को निर्देशित किया गया कि कक्षा में अंग्रेजी विषय पढ़ाते समय अधिकतर अंग्रेजी में ही बोलने का प्रयास किया जाए द्य इस दौरान विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से शिक्षकों को अंग्रेजी में बातचीत करने के लिए प्रेरित किया गया प्रशिक्षण प्रभारी संकुल शैक्षिक समन्वयक लतीफ खान अंसारी द्वारा प्रशिक्षण में करतला ब्लॉक के 17 संकुल के 109 स्कूल के 109 शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण का व्यवस्था सुचारू रूप से किया गया ।

माता-पिता और शिक्षक, मिलकर बनाएं बच्चों का भविष्य-डॉक्टर संजय गुप्ता

कोरबा। इंडस पब्लिक स्कूल दीपका केप्राचार्य एवं शिक्षाविद डॉक्टर संजय गुप्ता ने शिक्षक अभिभावक सम्मेलन के महत्व पर अपने महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किए । उन्होंने कहा कि यदि हम प्रत्येक असेसमेंट के पश्चात पीटीएम में आकर शिक्षकों से सतत संवाद स्थापित करते हैं तो बेशक हमें अपने बच्चों के स्तर के बारे में पता चलता है। हम उसकी प्रगति का आकलन सतत रूप से करते जाते हैं। शिक्षक भी यदि विद्यार्थी के संबंध में माता-पिता से बात करना चाहते हैं तो उनके समक्ष पारदर्शी संबंध स्थापित होती है। सतत पेटीएम अटेंड करने से शिक्षक , विद्यालय एवं अभिभावकों के मध्य एक प्रकार का प्रगाढ़ संबंध स्थापित होता है। किसी के मन में किसी भी प्रकार की कोई दुविधा की संभावना ही नहीं रहती। यदि किसी विषय में विद्यार्थी को समस्या है तो हम उस विषय शिक्षक से जाकर बात कर विद्यार्थी की समस्या का तुरंत निराकरण पाते हैं। पीटीएम का सबसे बड़ा फायदा यह भी होता है कि शिक्षक, विद्यालय और अभिभावकों के मध्य एक विश्वसनीयता कायम हो जाती है।विद्यार्थी के शैक्षणिक एवं मानसिक विकास हेतु विद्यालय, शिक्षक एवं अभिभावकों की थ्री आयामी प्रक्रिया अत्यंत आवश्यक होती है। सरल शब्दों में कहें तो शिक्षक ,अभिभावक सम्मेलन से विद्यार्थियों का हित ही होता है। हम विद्यार्थी की कमी और खूबी से भली-भांति परिचित हो जाते हैं। और सरल शब्दों में कहें तो पीटीएम वह दर्पण होता है जिस पर हम विद्यार्थी के अक्स को साफ-साफ झांक पाते हैं।स्कूल में हर महीने पैरेंट्स टीचर मीटिंग यानी पीटीएम होती है। पैरेंट्स के लिए बेहद जरूरी है इसे अटेंड करना ताकि आपको अपने बच्चे की प्रॉग्रेस के बारे में पता चल सके। आप स्कूल जाकर टीचर से सवाल कर सकते हैं।ऐसा करने से वे अपने बच्चे की ओवरऑल प्रोग्रेस रिपोर्ट से वाकिफ हो सकेंगे।पीटीएम का यह उद्देश्य कतई नहीं होता कि अभिभावक और शिक्षक आपस में भिड़ जाएं। बल्कि शिक्षक तो समाज या राष्ट्र का वह शख्स होता है जो विद्यार्थी को सही दिशा पर ले जाकर उसका भविष्य बनाता है। अत: कभी भी पीटीएम में किसी शिक्षक से उलझना नहीं चाहिए ।किसी शिक्षक से, या विद्यालय से कोई व्यक्तिगत समस्या है तो शांतिपूर्वक उसका हल पाने का प्रयास करना चाहिए। शिक्षक अभिभावक सम्मेलन में विद्यालय शिक्षक और अभिभावक तीनों का आपसी सामंजस्य व सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण कारक होता है।छात्रों का प्रदर्शन माता-पिता और शिक्षकों के संयुक्त प्रयास पर निर्भर करता है ।गातार संवाद से बच्चे के व्यक्तिगत विकास और समग्र कल्याण में भी मदद मिलती है। इसलिए, अभिभावक-शिक्षक बैठकें आवश्यक हैं और यह उन कई कारकों में से एक है जो बच्चे के स्वतंत्र रूप से बढ़ने और विकसित होने के लिए एक मजबूत आधार तैयार करते हैं।कभी भी विद्यालय में पीटीएम आयोजित होता है तो हमें यह प्रयास अवश्य करना चाहिए कि अपने लिए ना सही ,विद्यार्थियों के भविष्य के लिए, विद्यालय आना आवश्यक हैं। यह उनकी प्रगति से, उनके व्यवहार से, उनके क्रियाकलाप से परिचित होने हेतु आवश्यक है। एक जिम्मेदार अभिभावक होने के नाते यह

आचार्य बालकृष्ण के जन्मदिवस पर औषधीय पौधों का किया गया वितरण

कोरबा। प्राकृतिक सम्पदा को सम्पुष्ट करने व पर्यावरण संरक्षण करने के लिए आयुर्वेद मनीषी परम पूज्य आचार्य श्री बालकृष्ण जी के जन्मदिवस 4 अगस्त को जड़ी बूटी दिवस के रूप में मनाते हुए पतंजलि युवा भारत के राज्य संवाद प्रभारी संजय कुर्मवंशी के मुख्य आतिथ्य में, पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के आजीवन सदस्य नाड़ीवैद्य डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा की अध्यक्षता में एवं श्री शिव औषधालय की संचालिका श्रीमती प्रतिभा शर्मा की विशेष उपस्थिति में जड़ी बूटी एवं औषधिय पौधों का निशुल्क वितरण श्री शिव औषधालय एमआईजी 20,आरपी नगर फेस 2 निहारिका कोरबा छत्तीसगढ़ में 4 अगस्त 2024 रविवार को प्रात: 11 बजे से सायं 5 बजे तक किया गया। सर्वप्रथम सभी अतिथियों ने भारत माता, आयुर्वेद प्रवर्तक भगवान धन्वन्तरी ,स्वामी रामदेव एव? आचार्य बालकृष्ण के तैल्य चित्र पर तिलक कर एवं उनके समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया ।उसके पश्चात सभी अतिथियों का स्वागत औषधीय पौधे भेंट कर श्री शिव औषधालय के सिद्धराम शाहनी, राकेश इस्पात एवं संध्या बरला ने किया। स्वागत के पश्चात अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नाड़ीवैद्य डॉ. नागेंद्र नारायण शर्मा ने कार्यक्रम के विषय मे विस्तार से बताते हुये औषधीय पौधों को ही धरती पर साक्षात ईश्वर का स्वरूप बताया। मुख्य अतिथि संजय कुर्मवंशी ने औषधीय पौधों की उपयोगिता बताते हुए गिलोय , नीम , तुलसी, एलोवेरा एवं आंवले को धरती के पांच अमृत बताते हुए कहा की इनका दैनिक जीवन में नित्य उपयोग करने वाले व्यक्ति कभी भी रोगी नही होता । साथ ही उन्होंने उपस्थित जन समुदाय को इसके नित्य उपयोग करने की सलाह भी दी ।साथ ही उन्होंने नाड़ीवैद्य डॉ.नागेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में इस निशुल्क जड़ी बूटी वितरण के कार्य को परोपकारी एवं पुण्यकारी बताते हुए उन्हें इस पुण्य कार्य में बुलाने के लिए आभार प्रकट किया एवं अपने हांथों से औषधीय पौधों का वितरण जन समुदाय में किया ।औषधीय पौधों में गिलोय, तुलसी, नीम, एलोवेरा आंवला , गुडमार, स्टीविया, हडजोड, पत्थरचट्टा, लाजवंती, ब्राह्मी, जटामांसी, पपीता, अमरुद , करंज , पुनर्नवा, बेल, सर्पगंधा , मण्डूकपर्णी, कालमेघ, स्टीविया, शतावर, चिरायता एवं पारिजात के अलावा 37 प्रकार के उपयोगी पौधों का वितरण कर उनके प्रयोग विधि एवं लाभ के बारे में जानकारी भी पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से प्रशिक्षित वैद्य डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा द्वारा प्रदान की गई। जड़ी बूटी दिवस समारोह में मुख्य अतिथि संजय कुर्मवंशी, अध्यक्ष डॉ. नागेन्द्र नारायण शर्मा, श्री शिव औषधालय की संचालिका श्रीमती प्रतिभा शर्मा के अलावा नेत्र नंदन साहू, दुर्गेश राठौर, देवबली कुंभकार, कमला कुंभकार, राजेश प्रजापति, सिद्धराम शाहनी, राकेश इस्पात, अश्विनी बुनकर, कमल धारिया, संध्या बरला, एवं हर्ष नारायण शर्मा ने इस जड़ी बूटी वितरण समारोह में विशेष रूप से उपस्थित होकर अपनी सेवाएँ प्रदान की। समापन के पूर्व आयुर्वेद मनीषी परम पूज्य आचार्य श्री बालकृष्ण जी की लम्बी आयु, स्वस्थ एवम सुखी जीवन के लिए सभीने महामृत्युन्जय मन्त्र का 11 बार जाप पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के आजीवन सदस्य डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा के निर्देशन में किया। अंत में शांन्ति पाठ के साथ कार्यक्रम को विराम दिया गया ।

पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने 'छत्तीसगढ़ के पहिली तिहार हरेली' के अवसर पर छत्तीसगढ़ महतारी मंदिर पहुंच किया पूजा अर्चना

कोरबा। पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने हरेली के पावन पर्व पर हसदेव नदी के तट पर भवानी मंदिर के समीप निर्मित प्रदेश के एकमात्र छत्तीसगढ़ महतारी मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना कर अंचल और प्रदेशवासियों की खुशहाली और समृद्धि के लिए कामना किया। इस अवसर पर जयसिंह अग्रवाल ने मंदिर परिसर में कृषि उपकरणों की विधिवत पूजा अर्चना किया।तत्पश्चात मंचिय कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। मंचीय कार्यक्रम के शुरुआत में समारोह के मुख्य अतिथि जयसिंह अग्रवाल का मंदिर संचालन समिति के सदस्यों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयसिंह अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ महतारी मंदिर के सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि विगत 20 वर्षों से मंदिर संचालन समिति के सदस्यगण इस परिसर में अपनी सेवाएं दे रहे है जो कि प्रशंसनीय है। विगत 20 वर्षों से मुझे भी यहां आकर छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना करने का सौभाग्य प्राप्त होते आ रहा है। उन्होंने आगे कहा कि मंदिर परिसर के पास ही एक सुविधा जनक सामुदायिक भवन एवं शेड का निर्माण करवाया गया है जिससे विभिन्न कार्यक्रम के आयोजन में लाभ मिलता है। श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि हरेली का पर्व किसानों, खेतीहर, कामगरों का महान लोकपर्व है इस दिन किसान अपने कृषि उपकरणों का घर के आंगन में परंपरागत ढ़ंग से पूजा अर्चना करते है। चारों तरफ खेत-खलिहानों में मनमोहक और आंखो को सुकून देने वाले हरियाली तथा शीतल हवाएं से आनंद मिलता है।संचालन समिति के संरक्षक हरिशचन्द्र निषाद ने स्वागत उद्बोधन किया। जिन्होंने बताया कि समूचे छत्तीसगढ़ में कोरबा एकमात्र ऐसी जगह है जहां आज से बीस साल पहले जयसिंह अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ महतारी मंदिर का निर्माण करवाया था। जहां प्रतिवर्ष हरेली पर्व का भव्य आयोजन किया जाता है। इस मंदिर परिसर में दूरस्थ अंचलों के भी श्रद्धालु पहुंचकर पूजा अर्चना करते हैं। तथा प्रदेश के ख्यातिलब्ध लोक कलाकारों के जत्थे नृत्य अथवा गायन विधाओं में अपनी प्रस्तुतियां देते हैं। यहां सुबह से ही मेले जैसा माहौल बना रहता है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि निगम सभापति श्यामसुंदर सोनी ने भी अपने विचार व्यक्त किया।

कार्यक्रम स्थल पर हर आयु वर्ग के लोगों के लिए नारियल फेक, गेडी दौड़ सहित अनेक पारंपरिक खेल स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि व अन्य मंचस्थ अतिथियों के हाथों पुरूस्कृत किया गया।आज के कार्यक्रम में कोरबा के लोक कलाकार थीरमन दास अपने दल के साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस मौके पर जयसिंह अग्रवाल ने उन्हें एक हारमोनियम भेंट किया। इस अवसर पर उपस्थित बड़ी संख्या में महिलाओं ने हरीतिमा का प्रतीक हरे रंग की साड़ियां पहन रखी थीं। उपस्थित लगभग एक हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने भण्डारा भोग प्रसाद का आनंद उठाया।कार्यक्रम का संचालन अंचल के प्रसिद्ध रंगमंच कमी घनश्याम श्रीवास ने किया तथा आभार प्रदर्शन समिति के संरक्षक यू.आर. महिलांगे ने व्यक्त किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में संरक्षक मोहन प्रधान, महासचिव प्यारे लाल चौधरी, संगठन सचिव सुरेश कुमार द्विवेदी, आर.के. पाण्डेय, कोषाध्यक्ष दिगम्बर कर्ष, नरायण कुर्रे, महिला मंडल अध्यक्ष गीता महंत, अर्चना उपाध्याय, कुसुम द्विवेदी, अमृता निषाद, तरूण कुमार राठौर, संतोष शुक्ला, दिनेश कुमार केवट, के.आर. डहरिया, मानसिंह राठिया, ममता कटकवार, आदि का सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर संतोष राठौर, बसंत चन्द्रा, गजानंद साहू, प्रदीप पुरायणे, गंगाराम भारद्वाज, गणेश दास महंत, द्रोपती तिवारी, शांता मंडावे, सुनिता तिग्गा, क्रांति यादव सहित बड़ी संख्या में कोरबा शहर व ग्रामीण अंचल के गणमान्य स्त्री पुरूष उपस्थित रहे।

एसईसीएल कुसमुंडा कंपनी सुरक्षा समिति के सदस्य की निरीक्षण प्रतिवेदन रिपोर्ट जारी

कोरबा। कोरबा-पश्चिम एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र में 27 जुलाई को ओव्हर बर्डन में लैंड स्लाइड में बह कर मलबे में दबने से कर्तव्यनिष्ठ अफसर जितेन्द्र नागरवार सहायक प्रबंधक की मृत्यु ने सबको झकझोर दिया। ऐसा बताया जा रहा है कि इस मामले में कुसमुंडा जीएम ने प्रबंधन की गलतियों को छिपाने के लिए लिखित तौर पर एक कार्यालय आदेश जारी कर जितेन्द्र नागरवार पर ही उनकी गलती बता मौत की जिम्मेदारी थोप दी थी। इस बात को लेकर काफी हो हंगामा हुआ तो मजबूरन में कुसमुंडा जीएम को अपना विवादित आदेश अमान्य करना पड़ा। बगैर जांचे परखे निकाले गए आदेश के चलते पूरे कोल इंडिया में एसईसीएल की छवि भी घुमिल हुई। जानकारी के अनुसार कंपनी सुरक्षा समिति एसईसीएल बिलासपुर के सदस्य बी धर्माराव की निरीक्षण प्रतिवेदन रिपोर्ट ने कुसमुंडा खदान की अव्यवस्था को पोल खोलकर रखा दी। 30 जुलाई 2024 को समिति के सदस्य धर्माराव ने निरीक्षण प्रतिवेदन एसईसीएल के सीएमडी को सौपा है।

प्रकृति की उदारता के विषय पर केंद्रित रहा सावन उत्सव

कोरबा। सावन के पवित्र माह के तीसरे सोमवार पूर्व हरेली उतसव के अवसर पर पावर इंपेरिया की महिलाओं ने हर्ष उल्लास के साथ सावन झुले का आनंद लिया। यह पूरा कार्यक्रम प्रकृति के उपकार पर आधारित था।विभिन्न प्रकार के सोपान इस कार्यक्रम में शामिल किए गए जिसका प्रतिभागियों ने भरपूर आनंद दिया। राष्ट्रपति शिक्षक अलंकरण से पुरस्कृत श्रीमती कल्पना मिश्रा ने बताया कि सभी ऋतुओं का अलग-अलग तरह से महत्व है और यह हम सभी को प्रेरणा देने का काम करते हैं। हमारे आसपास के पर्यावरण का सीधा सा संबंध सावन से जुड़ा हुआ है। प्रकृति की उदारता और उसकी चुनौतियों को हमें समझने की जरूरत है। हम सभी नैतिक जिम्मेदारी का पालन इस विषय पर करेंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत क्लाइमेट चेंज और इसके विविध प्रभाव पर भी चर्चा की गई। आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में श्रीमती कल्पना मिश्रा,तारा सोनी, अनिता इंडा,रेणु यादव,मधु चौधरी, जागृति गुप्ता, विनीत सोनी, जागृति सिन्हा, गायत्री देवांगन, अलकनंदा दत्ता, सुमन रामानी,सुदीक्षा, रेखा सिंह, स्वाति अग्रवाल, सरोज चौधरी, अर्पिता सिंह,श्रेयसी सरकार,चिनासा मिश्रा, अलका फिलिप आदि उपस्थित रहे।

लाखों के सामान की चोरी, मामला दर्ज

सक्ति । घर में पूरा परिवार सो रहा था, इधर चोरों ने घर में घुसकर आलमारी से जेवर व नगदी पार कर दिया। साथ ही मकान से लगे राशन दुकान से भी सामान की चोरी कर फरार हो गए। नगदी, जेवर व राशन सामान सहित डेढ़ लाख रुपए को चोरों ने पार कर दिया। सूचना पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में जुटी हुई है। पुलिस के अनुसार बारद्वार थाना के गांव गुडेराडीह (किरारी) निवासी लोकराम साहू पिता सोनाउराम (48) थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 2 अगस्त की रात 9 बजे खाना खाकर परिवार सहित सो गए थे। रात करीब 2 बजे लोकराम की पत्नी सामारिन बाई पानी पीने के लिए उठी, तब देखी कि घर का दरवाजा खुला था। इसकी जानकारी अपने पुत्र व लोकराम को दी। दोनों तत्काल उठे और घर के कमरा एवं दुकान के दरवाजा की ओर को देखे तो दरवाजा खुला था। कमरा में जाकर देखने पर आलमारी खुला हुआ था एवं समान इधर-उधर बिखरा हुआ था। तब आलमारी को जाकर देखे तो आलमारी में रखे हुए सोने का 1 नग हार, कान का झुमका, सोने का अंगूठी, एक नग सोने का लॉकेट, एक नग मंगलसूत्र, एक नग मांग टीका, दो जोड़ी चांदी का पायल, एक जोड़ी हाफ करधन, एक जोड़ी हांथ पोंछनी, एक जोड़ी बाजूबंध कीमत 90 हजार रुपए, नगदी रकम 30 हजार एवं एक मोबाईल नहीं था। साथ ही घर के राशन दुकान से दो कार्टून तेल, एक बोरी मिक्चर पॉकेट, 15 पैकेट राजश्री, एक बोरी दाल कीमत 10 हजार कुल कीमत 1 लाख 30 हजार को कोई अज्ञात चोर रात में घर अंदर घुसकर चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 331 (4), 305 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

एक ही रात में चोरों ने तोड़े 5 मकान के ताले

जांजगीर चांपा। अमरताल गांव में चोरी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक ही रात चोरों ने 5 मकानों के ताले तोड़े। 5 मकानों से करीब ढ़ाई लाख रुपए नगदी सहित 4 लाख रुपए की सामान की चोरी व तोडफोड़ कर चोर फरार हो गए। सूचना पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। पुलिस के अनुसार अकलतरा थाना के गांव अमरताल हाइवे से लगा हुआ है। इसके बावजूद पुलिस की गश्त नहीं हो रही है। गांव में शनिवार की रात 5 घरों में चोरी हुई। पांच घरों में चोरी और तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया। बताया जा रहा गांव में चोरों का एक ग्रुप काम करता है। ऐसी घटनाएं आए दिन होती रहती हैं और पुलिस हाथ पैर हाथ धरके बैठी हैं। अगर पुलिस सही से कम नहीं करेगी या चोरों को नहीं पकड़ पाएगी तो भविष्य में इससे भी मर्डर जैसी घटना हो सकती है। जिन पांच घरों में चोरी हुई है। उनमें गौरव गौरव जांगड़े, अभिलेख कूर्रे, जल कुमार कूर्रे, उषा बाई, दीपेश जांगड़े पिता सत्यनारायण के घर में चोरी हुई है। तकरीबन ढाई लाख रुपए नगदी एवं तीन-चार लाख के सामानों को तोड़फोड़ किया गया है। मामले की अकलतरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

जिला अस्पताल में सही तरीके से मरीजों को नहीं मिल रहा भोजन

ठेकेदार पर मेहरबान जिला अस्पताल प्रबंधन, मेनू का पालन नहीं

जांजगीर चांपा। जिले का 100 बिस्तर वाले ठाकुर छेदीलाल शासकीय जिला चिकित्सालय में मरीजों को रुखा- सूखा भोजन परोसा जा रहा है। जिला अस्पताल में एक भी दिन -मरीजों को मेनू के आधार पर भोजन नहीं मिल पा रहा है। जबकि शासन की ईच्छा है कि मरीजों को बेहतर इलाज के साथ पौष्टिक भोजन भी मरीजों को मिले, ताकि वे समय में स्वस्थ्य हो।

जिला अस्पताल में सालभर से मरीजों के लिए भोजन की थाली का टेंडर नहीं हुआ है। अस्पताल में भर्ती मरीजों व प्रसूताओं को भी मेनू के हिसाब से पौष्टिक नाश्ता व भोजन दिया जाना है। परंतु यह भोजन एवं नाश्ता दिखावे मात्र के लिए दिया जा रहा है ऐसे में मरीजों की सेहत कैसी सुधरेगी? वहीं ठेकेदार मनमानी पर उतारू हो गया है।

वहीं जिला अस्पताल में मरीजों को दाल, भात व कोई एक सब्जी देकर पौष्टिक भोजन की औपचरिकता निभाई जा रही है। जिला अस्पताल में भर्ती प्रसूताओं को पौष्टिक आहार मिल सके और सेहत में जल्दी सुधार हो, इसके लिए

प्रति थाली 250 रुपए दिया जा रहा है। साथ ही सामान्य मरीजों के लिए 150 रुपए थाली सरकार द्वारा खर्च किया जा रहा है। लेकिन प्रसूताओं व

सामान्य मरीजों के थाली में कोई अंतर नहीं रहता है। इसमें रोटी में कटौती की जा रही है, जबकि मेनू कई प्रकार के भोजन है। रुखा

सुखा डाइट निरीक्षण टीम को नहीं। जिला अस्पताल में जिस तरह से खाना मरीज को उपलब्ध कराया जा रहा है इससे अच्छा खाना तो जेल में कैदियों को दिया जाता है जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस खाने से मरीजों का सेहत पर क्या असर पड़ेगा। मरीजों को पूछने पर बताया कि पानी का बॉटल तो आज पांच दिनों से एक दिन भी नहीं दिया गया है। साथ ही गुरुवार की रात में एक ही सब्जी बनी थी। पापड़ भी नहीं दिया जा रहा है। जिला अस्पताल में डाइट निरीक्षण टीम बनी है। लेकिन उनको निरीक्षण करने की फुर्सत ही नहीं है। अगर निरिक्षण करते तो मरीजों को पानी बॉटल, पौस्टिक सब्जी व फल हर रोज आसानी से मिलता और मरीजों की सेहत भी बनती।

मरीजों को यहां का खाना भा नहीं रहा है। इसमें दोपहर को खाना में मेनू के हिसाब से 4 रोटी प्रसुताओं को देना है, लेकिन मात्र दो रोटी ही दी गई थी। इसके अलावा थाली से सलाद, पापड़ भी गायब था। जो सब्जी व दाल था, वह पानी के बराबर था। इसके अलावा पानी का बॉटल भी नहीं था। पूछने पर बताया गया कि पानी का बॉटल कभी नहीं मिलता है, जबकि पानी बॉटल देना अनिवार्य है। साथ पौष्टिक सब्जी

पनीर व मशरूम की जगह आलू चना दिया गया। प्रसूता के परिजनों ने बताया कि सुबह फल भी नहीं दिया जा रहा। इसका प्रमुख कारण है कि टेंडर हुए बिना ही पिछले सालभर से ठेकेदार खाना परोस रहा है।

ये देना है मेनू के हिसाब से भोजन में

अस्पताल में प्रसूता को भोजन देने के लिए आहर तालिका बनाई गई है। लेकिन इसके आधार पर मरीजों को भोजन नहीं दी जा रही। सात दिनों के लिए अलग-अलग मेनू तैयार की गई है। इसमें शुक्रवार को सुबह चाय, टोस्ट या बिस्किट व लड्डू देना है। लेकिन दूध व बिस्किट बस दिया गया था। 9 बजे सब्जी युक्त पोहा व इडली, सांभर, पराठा व पूरी सब्जी देना है लेकिन केवल दिया पोहा बस दिया गया था। इसके अलावा 12 बजे खाना 7 बजे फिर खाना। जाना है। लेकिन मेनू के हिसाब से भोजन मरीजों को नहीं मिल पाता है।

क्षमता से अधिक औषधि भंडारण पर कार्रवाई, दो संचालकों को नोटिस

सक्ती। कृषि विभाग की टीम ने कृषि केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान क्षमता से अधिक औषधी भंडारण एवं अनियमितता पाए जाने पर दो दुकान संचालकों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। ज्ञात हो कि गुरुवार 1 अगस्त को विकासखण्ड मालखरौदा के अंतर्गत अमनदुला में संचालित मेसर्स मां भगवती कृषि केंद्र का औचक निरीक्षण कृषि विभाग के जिला स्तरीय गुण नियंत्रण दल द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि सम्बन्धित फर्म संचालक के विक्रय स्थल में 6 प्रकार के कालातीत पौध संरक्षण औषधि भंडारित पाए गए जिसको विक्रय हेतु नहीं, सील बंद कर सम्बन्धित फर्म संचालक के सुपुर्दगी में दिया गया एवं अन्य अनियमितता के आधार पर सम्बन्धित को स्पस्टीकरण जारी किया गया। इसी प्रकार शुक्रवार 2 अगस्त को विकासखण्ड मालखरौदा के अंतर्गत संचालित मेसर्स शिवम कृषि केंद्र का औचक निरीक्षण कृषि विभाग के गुण नियंत्रण दल द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि सम्बन्धित फर्म संचालक द्वारा कालातित पौध संरक्षण औषधि अल्पधिक मात्रा में भंडारण करना पाया गया जो अनियत स्थल पर एवं अव्यस्थित रूप भंडारित किया गया था जिसके निरीक्षण करने में समस्या होने एवं समय के अभाव के कारण आगामी आदेश तक सील बंद कर दिया गया एवं स्पष्टीकरण जारी किया गया। उक्त कार्यवाही के दौरान अनुविभागीय कृषि अधिकारी कृतराज, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी वतन जाधव, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जितेंद्र साहू, कीटनाशक इंस्पेक्टर कृष्णा सिंह पैकरा एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्वीकृति मौर्य ने छत्तीसगढ़ स्टेट चेस चैंपियनशिप में प्राप्त किया तीसरा स्थान

बारद्वार। भिलाई में 2 अगस्त को संपन्न हुए छत्तीसगढ़ सरकार और प्रदेश शतरंज संघ से मान्यता प्राप्त चेस चैंपियनशिप में सक्ती जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए बारद्वार की स्वीकृति मौर्य (रोजी) ने तीसरा स्थान प्राप्त किया और ट्राफी और मेडल से नवाजी गयी। चैंपियनशिप में मैच 6राउंड में हुए। फाइनल राउंड पहुंचते तक मुकाबला बड़ा कठिन हो गया था। आधे आधे पॉइंट की मारामारी रही। रायपुर जिला चैंपियन अनिका गुप्ता 4 अंकों के साथ टॉप पर थी। वहीं स्वीकृति मौर्य 4 अंकों के साथ सेकंड पोजिशन बरकरार रखी हुई थी। तीसरे स्थान पर रायपुर की ही अंशिका अग्रवाल सहित 3 लड़कियां 3-3 अंक लेकर बराबरी पर चल रही थी। फाइनल राउंड स्वीकृति मौर्य अंशिका अग्रवाल से हार गई और तीसरा स्थान प्राप्त की। फाइनल स्टैंडिंग में अनिका गुप्ता 5 अंक रायपुर, अंशिका अग्रवाल 4 अंक रायपुर, स्वीकृति मौर्य 4 अंक बारद्वार/सक्की प्राप्त किया। ये सभी 31 अगस्त से मैसुरु (कर्नाटक) में स्टार्ट होने जा रहे नेशनल चेस चैंपियनशिप (यू-7) में छत्तीसगढ़ की तरफ़ से शामिल होंगी।

प्री मैट्रिक अजा कन्या छात्रावास में छत का प्लास्टर गिरा छात्रा के सिर पर, सामान्य चोटें आयी

अकलतरा। नगर के थाना रोड में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास संचालित अनुसूचित जाति प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास में छत का पलस्तर गिरने से एक छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना मे छात्रा का सिर फट गया और चेहरे में चोट आयी हैं।

मिली जानकारी अनुसार शनिवार को अनुसूचित जाति कन्या प्री मेट्रिक छात्रावास अकलतरा में अगले दिन रविवार और हरेली अवकाश होने के कारण सभी छात्राएं घर जा रही थीं। सभी छात्राओ के अभिभावक आकर उन्हे ले जा रहे थे। कक्षा छठवी की छात्रा दूति आदिले पिता रामगोपाल आदिले निवासी बगडबरी बलौदा भी अपने अभिभावक का इंतजार कर रही थी। वह छात्रावास के गेट के सामने बेंच पर बैठी थी और अपने अभिभावक का इंतजार कर रही थी कुछ देर बीते ही होंगे कि एकाएक छत का हिस्सा छात्रा के सिर पर गिरा जिससे वह बेहोश हो गयी। छात्रावास अधीक्षिका लता मैत्री ने उसे तुरंत छात्रावास से लगे हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गयी जहां उसे दो टांके लगाये गये। छात्रा के चेहरे पर भी कुछ चोटे आयी है। बताया जा रहा है कि पिछले साल छत की मरम्मत की गयी थी लेकिन निर्माण मे गुणवत्ता मानको का पालन नही किये जाने के कारण छात्रावास भवन कमजोर बना है जिसके कारण आज बड़ा हादसा होते होते रह गया। बताया जा रहा है कि यह छात्रावास 2007 में बनाया गया था। ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखे जाने के कारण मरम्मत किए जाने के बाद भी छात्रावास के छत से

प्लास्टर छारा के ऊपर गिर गया।

मंडल अध्यक्ष ने कहा छोटी मोटी घटना: घटना की जानकारी मिलने पर छात्रावास मंडल अध्यक्ष दिनेश यादव घटनास्थल पहुंचे एवं घटना के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उपस्थित मीडिया कर्मियों के द्वारा घटना के संबंध में पूछे जाने पर पूछे जाने पर छात्रावास मंडल अध्यक्ष दिनेश यादव ने कहां की छोटी-मोटी घटना हो जाती है, जब इस पर आपत्ति की गई तो वे सफाई देते हुए नजर आए।

शनिवार को छत का प्लास्टर और रविवार को बाऊंड्रीवाल भी गिरी

शनिवार को प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास के छत का प्लास्टर गिरा था। रविवार को इसी छात्रावास के सामने का बाउंड्री वॉल भी भरभरा कर गिर गया, हालांकि सुबह का समय होने की वजह से किसी को कोई चोट नहीं आई। अधीक्षिका लता मैत्री ने बताया कि आज सुबह बाऊंड्रीवाल का एक हिस्सा गिर गया है संयोग कि वहां सुबह होने के कारण छात्राएं वहां नहीं थी इसलिए कोई अनहोनी नही हुई। उन्होने बताया कि इस बाऊंड्रीवाल के जर्जर होने की शिकायत कई बार की गयी है लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया है। आज जब इसका एक हिस्सा टूटा तब दूर्घटना की आशंका से जैसीबी से बाकी हिस्से को गिराया गया।

पूजा-अर्चना कर पकवानों का लिया आनंद

देवरी-चांपा। क्षेत्र में हरेली पर्व मनाया गया। इस दौरान गांव के लोगों ने देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना की। किसानों ने अपने कृषि यंत्रों की पूजा की। घरों में छत्तीसगढ़िया पकवानों में गुड़ का चीला रोटी, गुलगुल भजिया सहित अन्य पकवान बनाए गए। बच्चों ने भी गेड़ी का भी आनंद लिया। किसानों ने कृषि औजार नागर, गैती, कुदारी, रापा, साबर, टांगी सहित अन्य कृषि यंत्रों की पूजा की। गांव में मनोरंजन के लिए विभिन्न खेलो का आयोजन भी कराया गया। देवरी, सारागांव, सोनियापाठ, अमरूवा, कुम्हारीकला, कुम्हारीखुर्द, बघौदा, कड़ारी, हनुमंता, लच्छनपुर, चोरिया, पचौरी में धूमधाम से पर्व मनाया गया। पर्व के अवसर पर गेड़ी दौड़ होता है और युवाओं और बच्चों के द्वारा बॉस की गेड़ी बना कर दौड़ लगाते है। इसके अलावा कबड्डी, नारियल फेंक और कुश्ती का आयोजन किया गया।

आदित्य चुने गए स्कूल में शाला नायक

जांजगीर चांपा। विवेकानंद उत्तर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर में छात्र संघ परिषद का गठन किया गया। जिसमें प्रथम पाली एवं द्वितीय पाली में सभी विद्यार्थियों के द्वारा मतदान की पद्धति से छात्र संघ अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, हेड बॉय एवं हेड गर्ल का चयन किया गया। सभी कक्षाओं में कक्षा नायक के लिए मनोनयन होता है।

विद्यालय में परंपरा रही है कि जो विद्यार्थी अपनी कक्षा में सबसे - अधिक अंक प्राप्त करता है। वह कक्षा नायक बनेगा और द्वितीय स्थान प्राप्त विद्यार्थी उपनायक मनोनीत होता है। प्रथम पाली में कक्षा 9 वीं से 12वीं तक के 803 विद्यार्थियों ने मतदान में भाग लिया। इसी तरह द्वितीय पाली में कक्षा तीसरी से आठवीं तक के 545 विद्यार्थियों ने मतदान में भाग लिया। कक्षा नर्सरी एके जी 1, के जी 2 एवं पहली दूसरी के दोनों माध्यम में विद्यार्थियों का चुनाव की जगह सबसे अधिक नंबर प्राप्त विद्यार्थियों का नामांकन किया जाता है। मतदान प्रक्रिया में भाग लेने से पहले सभी विद्यार्थियों को मतदान करने की पद्धति एवं अनिवार्य मतदान के लाभ के बारे में जानकारी दी गई। कई विद्यार्थियों ने नोटा का भी उपयोग किया। प्रथम पाली में शाला नायक के लिए देवेश साहू को चुना गया। प्रिंशु आदित्य का द्वितीय स्थान था। उपशाला नायक के लिए प्रियांशु तंबोली एवं अभिनव सिंह के बीच कांटे की टक्कर थी। जिसमें 3 प्रियांशु तंबोली उपशाला चुने गए। ट हेड बॉय के लिए अभय सिंह क्षत्रिय सबसे अधिक वोटों से चुने गए। ज देवेश थवाईत दूसरे और प्रांजल द थवाईत तीसरे स्थान पर रहे। हेड गर्ल र में आरती शर्मा का चयन हुआ। हेड अ गर्ल के लिए अंशकृति सिंह, भूमि म वैष्णव, काजल बरेठ ने भी नामांकनक भरा था। दोपहर की पाली में शाला प नायक के लिए आदित्य तिवारी, मानसी, अवनिका तिवारी, साधना श साहू और चांदनी सिंह के बीच चुनाव दे हुआ। जिसमें आदित्य तिवारी शाला च नायक चुने गए। उप शाला नायक के व लिए रीति राठौर, रुचि जायसवाल, अंश मिश्रा, नितिन राठौर और प्रसिद्धि तिवारी के बीच हुए चुनाव में रीति राठौर ने बाजी मारी। हेड ब्वाय मोहन व थवाईत चुने गए। हेड ब्वाय के लिए यशवंत धीवर, मिथलेश कुमार, प्रतीक कश्यप, सौरभ सिंह और आशुतोष उपाध्याय ने भी चुनाव लड़ा था। दोपहर को पाली में हेड गर्ल मुस्कान देवांगन चुनी गई। हेड गर्ल के लिए प्रिंसी यादव, दीप्ति साहू, तन्वी श्रीवास और नव्या राठौर ने भी नामांकन भरा था। नामांकन की पूरी प्रक्रिया में सभी शिक्षक-शिक्षकों ने सहयोग प्रदान किया। प्राचार्य मनोज पाण्डेय ने छात्र संघ परिषद के निर्वाचन में भाग लिए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

गेंड़ी और नारियल फेक प्रतियोगिता में कौशल दिखाया पुलिस ने

चाम्पा। विभागीय कामकाज के साथ-साथ लोक पर्व में भागीदारी करने को लेकर पुलिस अधिकारी और कर्मचारी सक्रियता दिखा रहे हैं। जांजगीर चांपा जिले के चंपा सबडिवीजन में छत्तीसगढ़ के लोक पर हरेली के अवसर पर परंपरागत कार्यक्रम किया गया। इस दौरान उत्साह का वातावरण नजर आया।

अनुविभाग्य अधिकारिक पुलिस यदुमणि सिदार और जवानों ने गेंड़ी पर चढ़कर कुशलता प्रदर्शित की। बचपन की यादों को इस पर्व के बहाने जीवंत करने की कोशिश की गई। हरेली पर नारियल फेंकने की प्रतियोगिता में होती है जिसका नजारा भी यहां पर देखने को मिला। चांपा थाना के प्रभारी सहित मातहत और जवानों ने पूरे उत्साह के साथ इस प्रतियोगिता में दमखम दिखाया। प्रतिस्पर्धा इस बात को लेकर थी कि कौन कितनी अच्छी तकनीक के साथ कितनी दूरी तक नारियल को फेंक सकता है। नारियल फेंके प्रतियोगिता का सबसे बड़ा पक्ष यही होता है और यह शारीरिक दक्षता के साथ-साथ कौशल और सांस्कृतिक जड़ों को मजबूत करने का माध्यम बनता है। हरेली के अवसर पर पुलिस कार्यालय परिसर में हरियाली बिखेरी गई। श्रावण अमावस्या के साथ लोक पर्व की शुरुआत हरेली से होती है इसलिए भी इस दिन का अपने आप में विशेष महत्व है। चांपा पुलिस की ओर से किए गए इस आयोजन में विभाग के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपनी विशेष भूमिका का निर्वहन किया।

नारियल फेंक व गेड़ी चढ़कर हरेली त्योहार मनाया

बारद्वार। नगर सहित आसपास के गांवों में रविवार को छत्तीसगढ़ का पारंपरिक त्योहार हरेली बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। आसपास के गांवों में किसानों द्वारा खेती में उपयोग में आने वाले हल, ट्रैक्टर सहित अन्य कृषि संबंधित औजारों की सफाई कर विशेष पूजा की गई। हरियाली को लेकर बच्चों व किसानों में विशेष उत्साह देखने को मिला। बच्चों ने गेड़ी चढ़कर हरेली त्योहार मनाया, तो वहीं युवाओं ने नारियल फेंक में दम दिखाया व दांव लगाया। नगर में हरेली त्योहार को लेकर आसपास के ग्रामीण नहीं पहुंचे। इसके कारण नगर की सड़कें वीरान नजर आई। हरेली त्योहार का आनंद लेते हुए नगर के अधिकांश व्यापारी वर्ग ने एक दिन छुट्टी मनाई व पिकनिक मनाने के लिए आसपास के स्पॉट व दार्शनिक स्थल तुर्रीधाम, गुढ़वा, सोनगुढ़ा जाकर हरेली त्योहार के अवसर पर वन्यभोज का आनंद उठाया। बारद्वार सहित आसपास के गांवों में हरेली त्योहार धूमधाम से मनाया गया।

अडानी ने लगाई सबसे ऊंची बोली, केएसके महानदी पावर प्लांट बिक्री के कगार पर

जांजगीर- चांपा। छह साल से नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) के अधीन काम कर रही केएसके महानदी पॉवर कंपनी लिमिटेड बिकने की कगार पर है और अदानी पावर ने इसके लिए 27 हजार करोड़ की ऊंची बोली लगाई है। डेढ़ से दो माह में बिक्री की प्रक्रिया पूरी हो सकती है। कंपनी पर बैंकों का तकरीबन 30 हजार करोड़ रुपये का कर्ज है। कर्ज से उबरने और देनदारी चुकाने के लिए कंपनी ने पॉवर प्लांट बेचने का फैसला लिया है।

डेढ़ से दो माह में कंपनी की बिक्री की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी

प्लांट को खरीदने के लिए देश के वेदांता, अदानी और जिंदल उद्योग समूह सहित कई कार्पोरेट सेक्टर ने रुचि दिखाई है। पूर्व में जिंदल समूह के नवीन जिंदल ने प्लांट का दौरा किया था। वहीं अदानी ने इस बार सर्वाधिक 27 हजार करोड़ की बोली लगाई है। इसके अलावा एनटीपीसी , कोल इंडिया, वेदांता , जेएसडब्ल्यू एनर्जी, रश्मि मेटालिक्स सहित कुल 10 कंपनियों ने केएसके महानदी पावर प्लांट को खरीदने में रूचि दिखाई है। एनटीपीसी में 22 हजार 2 सौ करोड़ रूपए में प्लांट को खरीदने का प्रस्ताव दिया है। जानकारों का कहना है कि डेढ़ से दो माह में कंपनी की बिक्री की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।

कंपनी पर 30 हजार करोड़ रुपए का कर्ज

जांजगीर-चांपा जिले में अकलतरा तहसील के नरियरा इलाके में 27 सौ एकड़ क्षेत्र फल में वर्ष 2008 में प्लांट स्थापित किया गया था। दरअसल, 6 गुणा 600 कुल 36 सौ मेगावाट बिजली उत्पादन के प्लांट स्थापित किए जाने थे मगर सिर्फ तीन यूनिट ही स्थापित हो सकी, जबकि 16 साल बाद भी तीन यूनिट का निर्माण अधूरा है। फिलहाल, कुल 18 सौ मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। प्लांट की स्थापना के दौर से ही भू-अर्जन, मुआवजा व पुनर्वास राशि को लेकर विवाद चल रहा है। इससे 600-600 मेगावाट की तीन यूनिट का निर्माण ही नहीं हो सका। कंपनी का खुद का कोल ब्लाक नहीं होने के कारण महंगे दामों पर कोयला खरीदना पड़ रहा है। लगातार घाटे में चलने के कारण कंपनी पर 30 हजार करोड़ रुपए का कर्ज हो गया है। प्लांट का संचालन ट्रिब्यूनल पिछले 6 साल से कर रही है।

रिजाल्यूशन प्रोफेशनल (समाधान पेशेवर) की नियुक्ति

कर्ज वसूली के लिए कंपनी की बिक्री की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। इसके लिए रिजाल्यूशन प्रोफेशनल (समाधान पेशेवर) की नियुक्ति भी की गई है। क्यों घाटे में हैं कंपनी कंपनी शुरुआती दौर से ही विभिन्न विवादों में घिर गई। रोगदा बांध के अधिग्रहण मामले की जांच के लिए विधानसभा स्तरीय समिति भी बनी थी। आए दिन श्रमिकों की हड़ताल, मजदूर व प्रबंधन के बीच हिंसात्मक झड़प, प्लांट के कई बार बंद होने जैसे कारणों से कंपनी को नुकसान उठाना पड़ा।

प्रदर्शन के बाद भी नहीं बन पाई सड़क

जांजगीर-चांपा। नगर से कोरबा जाने वाले मुख्य सड़क खराब हो गई है। चांपा से कोरबा की ओर ओवरब्रिज से ?थोड़ी ही दूर में सड़क में ढेर सारे गड्ढे हो गए हैं। सड़क मरम्मत नहीं होने से दोबारा विधायक व शहर के लोगों ने प्रदर्शन किया था। इसके बाद पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों ने मरम्मत करवाने आश्वासन दिया था, लेकिन मरम्मत के नाम पर यहां सिर्फ बजरी डाली गई है। बजरी कीचड़ में बदला गई है। इससे दोबारा सड़क पर गड्ढे नजर आ रहे हैं। ?खराब सड़क को लेकर जब विरोध प्रदर्शन हुआ तो अधिकारियों ने सात दिन के भीतर सड़क बनवाने आश्वासन दिया था। आश्वासन के छह दिन निकल गए, पर अब तक सड़क की स्थिति में सुधार नहीं हुआ हैं। कोरबा से आने वाले लोगों का चांपा शहर में प्रवेश करते ही खराब सड़क से सामना होता है।

महिलाओं ने रानीसती दादी मां का सिंधारा महोत्सव धूमधाम से मनाया

बारद्वार। स्थानीय अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन ने शनिवार को शाम 4 बजे से स्थानीय अग्रसेन भवन में रानीसती दादी मां का सिंधारा महोत्सव का आयोजन किया। महोत्सव में दादी मां के मंगल गीत सहित भजन गाए गए व पूजा अर्चना के बाद भोग लगाया गया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की सभी पदाधिकारी, सदस्य व नगर की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थीं। आयोजन के अंत में आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। उसके अलावा आयोजन में बारद्वार नगर की 65 वर्ष से अधिक उम्र की बुजुर्ग महिलाओं को समिति ने पौधा देते हुए उनका सम्मान किया।

प्राइमरी स्कूल के शिक्षकों को दिया स्पोकन इंग्लिश प्रशिक्षण

चांपा। प्राइमरी स्कूल के शिक्षकों के लिए पांच दिवसीय कीप टॉकिंग स्पोकन इंग्लिश प्रशिक्षण का दूसरा चरण शनिवार को बीआरसी भवन में हुआ। प्रशिक्षण में 43 शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को स्कूलों में अंग्रेजी में बोलचाल में कुशलता प्रदान करना और उन्हें अपने स्कूलों में अंग्रेजी शिक्षा को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए प्रेरित करना है। प्रशिक्षण में कई की गतिविधियों का आयोजन कर शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर अश्विनी राठौर व करुणा साहू ने स्पोकन इंग्लिश के विभिन्न बिंदुओं पर गतिविधियों आधारित शिक्षण पर प्रशिक्षण दिया।

माखन लाल साहू दिवंगत

चण्डीपारा(पामगढ़)। क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यक्ति माखन लाल साहू जी आकस्मिक निधन हो गया,वे लाखन लाल पूर्व सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत चण्डीपारा व जिराखन लाल के ज्येष्ठ भ्राता व भागवत प्रसाद और हरप्रसाद साहू सचिव प्रदेश कांग्रेस के पिताजी थे,इनकी अंतिम यात्रा में स्वजातीय बंधु सहित ग्रामवासी व क्षेत्रीय गणमान्यजन शामिल हुए,दो पुत्र और एक पुत्री समेत भरा पूरा परिवार छोड़ चल बसे,उपस्थितजनों ने मृतात्मा की शांति के लिये दो मिनट का मौन रख ईश्वर से प्रार्थना किया गया।

अनमोल वचन.....

भगवदगीता में लिखा है कि जिस समय कोई समस्या जन्म लेती है, उसके साथ ही उसका समाधान भी जन्म लेता है

एनडीए और इण्डिया गठबंधन-दोनों को चेतावनी

यह दुर्भाग्य है कि सन् 2024 के लोकसभा चुनाव में दो प्रमुख पक्ष-इण्डिया गठबंधन और एन.डी.ए. मतदाताओं का मन्तव्य नहीं समझ रहे हैं । जनता ने भाजपा को नकारा नहीं है, उन्हें बहुमत के करीब पहुंचा कर उन्हें फिर से सरकार बनाने का न्योता दिया है । परन्तु जनता ने बिखरे हुए इण्डिया गठबंधन को भी ताकत दी है । पिछले दिनों नीति आयोग की बैठक में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने वाक आउट किया, यह कहकर कि जब वे बोल रही थीं तो उनका माइक बंद कर दिया गया । अब इसके उत्तर में तुरंत वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि ममता जी को उनके अनुरोध पर लंच से बोलने का मौका दिया गया और सभी मुख्यमंत्रियों को बोलने का समय निर्धारित था। अब ममता स्वयं एक पार्टिसिपेंट थीं वित्त मंत्री की हैसियत से । वे आयोग की अधिकारी नहीं हैं । आयोग को ही स्पष्टीकरण देना चाहिए । असल में मोदी जी के आने के बाद योजना आयोग (प्लैनिंग कमीशन) को भंग कर दिया गया । भाजपा सुभाष बोस का गुणगान करती है । स्वयं बोस ने कहा था कि आजादी के बाद प्लानिंग कमीशन बनना चाहिए जिसके अध्यक्ष नेहरू होंगे । अब नीति का अर्थ है- नेशनल इंस्टीट्यूशन फॉर ड्रान्सफॉर्मिंग इण्डिया। अब इसमें आयोग शब्द कहां से आ गया । और आयोग से सरकार को इतना ही प्यार था तो योजना आयोग को भंग ही क्यों किया गया । आज आप सरकार की नीति पर कोई टिप्पणी करें तो आप देशद्रोही हैं । हमारे शास्त्रोंमें नेति, नेति का उल्लेख है अर्थात् हम नकारते हुए सत्य तक पहुंचते हैं । योजना आयोग और नीति का उद्देश्य देश में संतुलित विकास है ताकि सभी राज्य तरक्की कर सकें । अब बजट में जो पिटारा बिहार और आंध्र प्रदेश के लिए खोला गया है, वह तो स्पष्ट रूप से एन.डी.ए. को साधना ही है । इसमें कोई बुराई भी नहीं है क्योंकि सरकार की स्थिरता देश के लिए परम आवश्यक है ।

असल में भाजपा अपने शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों से तो मंत्रणा होती ही रहती है । असल में भाजपा राज्यों में अधोसंरचना का विकास केन्द्र की सहमति से ही तय होता है । अतः अच्छा हो कि जिन राज्यों में विपक्ष की सरकारें हैं और उनसे प्रधानमंत्री की मंत्रणा नहीं होती उन्हें बोलने का अधिक समय दिया जाये। वैसे भी विपक्ष की ओर से केवल ममता बनर्जी ही नीति आयोग की बैठक में उपस्थित थीं । पंजाब, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना, केरल, तमिलनाडु, झारखण्ड, मिजोरम के मुख्यमंत्री आए ही नहीं । तो ममता बनर्जी को नियम का हवाला देकर उन्हें पूरा बोलने न देना, नीति (आयोग) के उद्देश्य के विपरीत है । सन् 1973 में जब इन्दिरा गांधी ने लोकसभा चुनाव की घोषणा की तब सारी इंटेलिजेंस रिपोर्ट कहती थीं कि इन्दिरा बहुमत से जीतेगी, परन्तु वे उत्तर प्रदेश की 85 सीटें हार गईं । जनता पार्टी की सरकार में जनसंघ भी साझीदार था । चौधरी चरण सिंह के कारण या आपसी द्वेष के कारण सरकार गिरी तो इसके लिए आज की भाजपा भी जिम्मेदार है । देश के सामने आंतरिक सुरक्षा और नक्सलवाद बड़ी चुनौती है । अब जम्मू भी सेफ नहीं है । कश्मीर तो आर्मी के सहारे चल रहा है । आज जनता गुड गवर्नेंस चाहती है । यह तभी संभव है जब पक्ष और विपक्ष में साझेदारी हो । 18वीं लोकसभा के शुरुआती दिनों से मालूम होता है कि पक्ष और विपक्ष झूला झूल रहा है ।

राशिफल

मेष राशि: आज आपका दिन खनकार रहेगा। आज आपकी परिस्थितियां पहले से अनुकूल रहेंगी। व्यापारिक क्षेत्र में आपको मेहनत से आज अधिक लाभ होगा। आज कोई महत्वपूर्ण काम पूरा होने के योग हैं। आज आपको अनुभवी लोगों का मार्गदर्शन मिलेगा। इसका स्वास्थ्यकर असर आपके व्यक्तित्व पर भी पड़ेगा। आज किसी दोस्त या रिश्तेदार से चल रही गलतफहमी दूर होगी। स्टूडेंट को करियर संबंधित मेहनत के अच्छे नतीजे मिलेंगे।

वृष राशि: आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपका कोई गुप्त रैलेंट लोगों को पता चलेगी। आध्यात्मिक गतिविधियों में कुछ समय बीतने से मानसिक सुकून मिलेगा। व्यापार में आज आपको किसी अनुभवी व्यक्ति का साथ मिलेगा। आज घर में सुख-शांति का माहौल रहेगा। लव्हेट के साथ कहीं घूमने जाएंगे। आज आपको कार्य क्षेत्र में सफलता मिलेगी। आज आपके रुके हुए कार्य पूरे होंगे। वांवाल जीवन में आपकी तालमेल बढ़ेगा।

मिथुन राशि: आज आपका दिन उत्साह रहने वाला है। आज मिजनेस में काम करने के तरीकों में बदलाव संबंधी नीतियों पर गंभीरता से विचार करेंगे। नई कार्य प्रणाली संबंधी योजनाएं सफल होंगी। नौकरी में आपके आठे काम की तारीफ होगी। प्रमोशन की खबर मिलने के योग हैं। आज स्वास्थ्यलाभ सेवा और संयमित दिनचर्या आपको सेहतमंद और ऊर्जावान रखेगी।

कर्क राशि: आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज अधूरे कामों पर ज्यादा ध्यान देंगे। कार्यक्षेत्र में बदलाव करने की सोच रहे हैं तो वास्तु के नियमों का ध्यान रखेंगे। आज ऑफिस में अपना कार्य समय पर निपटा लेंगे। आज जीवनसाथी और परिवार वालों में आपसी तालमेल रहेगा।

आज आप किसी जॉब के लिए इंटरव्यू देने जाएंगे जिसमें आपको सेलेक्ट कर लिया जाएगा।

सिंह राशि: आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज कार्यस्थल की अंदरूनी व्यवस्था को और बेहतर बनाने की जरूरत है। इससे काम करने के तरीकों में सुधार होगा। हर काम अपनी देखरेख में ही कराएं। ऑफिस में कुछ लोग आपकी उन्नति से जलन की भावना रख सकते हैं। आज मन मुताबिक तरीके से सभी काम निपटाने जाएंगे।

कन्या राशि: आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज किसी भी फोन कॉल को नजरअंदाज न करें। आपको कोई विशेष सूचना मिल सकती है। करीबी इंसान की मदद करके आपको खुशी मिलेगी। घर की व्यवस्था को उत्तम बनाने में आपकी फॉसिस कामयाब रहेगी। आज परिवार के साथ किसी उत्सव में जाने का मौका मिलेगा।

तुला राशि: आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज अपनी योजनाओं को व्यवस्थित करेंगे। इससे उन पर काम करने में मदद मिलेगी। दूसरों की सलाह अपनी बुद्धियों पर भरोसा रखेंगे, आपको फायदा मिलेगा। कोई अजनबी भी मित्र साबती है। जीवनसाथी के साथ भावनात्मक रिश्ते मजबूत होंगे। परिवार के साथ मनोरंजन और घूमने में कुछ समय बीतेगा। आज आपको अपनी इच्छा शक्ति के साथ अपनी भावनाओं में भी सुधार लाने की जरूरत है।

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन अनुकूल रहने वाला है। आज मिजनेस के काम करने के तरीके का जिक्र दूसरे से न करें। नौकरी और मिजनेस में कोई भी महत्वपूर्ण फैसला आज न लें। स्टूडेंट्स को किसी प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम मिलेगा। आज परिवार के लोग साथ में समय बीताएंगे। लव्हेट के साथ मुलाकात का मौका मिलेगा।

धनु राशि: आज आप महत्वपूर्ण कामों में व्यस्त रहेंगे। आज कामकाज करते समय ऐसे शब्दों का इस्तेमाल न करें जिससे बाद में पछतावा पड़े। आज बीती हुई पुरानी बातों को बुरा घर शबी न लेने दें। ध्यान और मेडिटेशन से आप मानसिक तौर पर स्वस्थ रहेंगे। आज किसी रिश्तेदार को दिए हुए आपको लाभ मिलेंगे।

मकर राशि: आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज मीडिया, मार्केटिंग के मिजनेस से जुड़े लोगों के लिए सफलता का समय है। मिजनेस में आसपास के लोगों से चल रही प्रतिस्पर्धा में सफलता के लिए और मेहनत की जरूरत है। नौकरी कर रहे लोग अपने काम पर ज्यादा ध्यान देंगे। आज स्वास्थ्य में तालीलाफ लाई। आपकी जिंद से पारिवारिक समस्या बढ़ेगी। छठ्ठ अपनी तैयारी जम कर करें, अलग अलगे अंक हासिल होंगे।

कुंभ राशि: आज आपका दिन फेवरोबल रहेगा। आज आपके काम समय मुताबिक पूरे होते जाएंगे। पूरे आत्मविश्वास से व्यक्तित्व करते रहें। वाहन खरीदने की योजना है तो दिन शुभ है। व्यवसाय के बारजूद रिलेक्सेशन और योगों के साथ समय बीतेगा। आज किसी भी विपरीत परिस्थिति में अपने आत्मविश्वास और आत्म-सम्मान को कम न होने दें।

मीन राशि: आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज फैशन डिजाइनर्स का दिन बेहतर रहेगा। आज कोई ऑनलाइन बड़ा ऑर्डर मिलेगा। आज कहीं रुका हुआ पैसा वापस मिलने से आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। फ्रतीयों से सीख लेकर अपने काम करने के तरीकों में बदलाव करेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स को परीक्षा में अच्छे नतीजे मिलेंगे। दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। इस

पाकिस्तान में हिन्दुओं पर ईश निंदा कानून का खतरा

पाकिस्तान ब्यूरो आफ स्टेटिस्टिक(पीबीएस) ने पिछले दिनों आंकड़े जारी कर बताया कि पाकिस्तान में हिन्दुओं की आबादी बढ़ गई है। इस्लामिक राष्ट्र पाकिस्तान में 2017 में हिन्दुओं की आबादी 35 लाख थी जो 2023 में बढ़कर 38 लाख तक पहुंच गई। समझना होगा कि पाकिस्तान के हिन्दू बाहुल्य रेगिस्तानी इलाकों में कभी सलीके से जनगणना होती ही नहीं है, फिर वहां सिखों को अलग से गिना जाता है। सरकार की आंकड़ों को अब पाकिस्तान में निर्वाचित हिन्दू नेता ही फर्जी बता रहे हैं। समझना होगा कि एक तो पाकिस्तान में हिन्दू लड़कियों के जबरन अपरहण और धर्म परिवर्तन पर कभी कड़ी कार्रवाई होती नहीं, दूसरा वहां सरकार भी नहीं चाहती कि अल्पसंख्यकों की वास्तविक संख्या दिखाई जाए। उमरकोट के आसपास सैकड़ा भर गांव हिन्दू बाहुल्य हैं, और वहां सड़क, पानी, स्कूल जैसी सुविधाएं हैं नहीं।

पाकिस्तान के बड़े संगठनों, पाकिस्तान हिन्दू काउंसिल के चेयरमैन डॉ. रमेश कुमार वांकवानी और मुत्तिदा राष्ट्रीय मूवमेंट की प्रांतीय असेंबली सदस्य डॉ. मंगला शर्मा इन आंकड़ों को झूठ बताते हुए दस्तावेज प्रस्तुत कर रहे हैं कि सरकारी रिकार्ड में 2017 में हिन्दुओं की आबादी 44 लाख 44 हज़ार 870 गिनी गई थी। असलियत में आज आबादी एक करोड़ से अधिक है। अल्पसंख्यकों पर होने वाले अत्याचार और भेदभाव पर पर्दा डालने के लिए इस तरह के फर्जी आंकड़े पेश किए जा रहे हैं। पीबीसी के आंकड़े तो ईसाइयों की आबादी में सात लाख की बढ़ोतरी बता कर उनकी संख्या 33 लाख पहुंचने का दावा कर रहे हैं। वहां पारसी महज 2348 रह गए लेकिन सिखों की संख्या का खुलासा नहीं किया गया है।

पाकिस्तान में 1951 में 1.60 फीसद हिन्दू आबादी थी। 1961 में 1.45 फीसद, 72 में 1.11, 1981 में 1. 85 और 2017 में 1.73 फीसद हिन्दू आबादी थी। इस साल यह आंकड़ा घट कर 1. 61 फीसद रह गया है। चूंकि बड़ी संख्या में हिंदुओं के पास राष्ट्रीय पहचान पत्र (एनआईसी) है ही नहीं, सो उनकी गणना होती नहीं वरना यह आंकड़ा एक करोड़ से अधिक होगा। देश में सबसे ज्यादा हिन्दू सिंध में, कुल आबादी का 8.73 फीसद हैं। पंजाब राज्य में 0.19, खैबर पख्तुन्वा में 0.02, बलोचिस्तान में 0.40 और इस्लामाबाद में 0.04 फीसद हिन्दू आबादी का सरकारी आंकड़ा है। राजस्थान से सटे थारपारकर जिले में सात लाख 14 हजार 698 हिन्दू रहते हैं, तो मीरपुरखास में पांच लाख के करीब, सग्घर में चार लाख 46 हजार हैं तो बदिन, हैदराबाद, टंडो मुहम्मद खान और रहीम यार खान जिलों में एक से डेढ़ लाख हिन्दू रहते हैं। यहां उमरकोट जिले की आबादी का 52.15 फीसद हिन्दू हैं और यहां के राजपूत शासक बड़े ताकतवर हैं। हिन्दू बाहुल्य इलाकों से भी कभी हिन्दू सांसद या विधायक चुने नहीं जाते क्योंकि इस आबादी के नाम ही वोटर लिस्ट में होते नहीं या उनके वोट और कोई डालता है।

पाकिस्तान में धर्म परिवर्तन विरोधी कानून बनते हैं लेकिन कट्टरपंथी जमात के विरोध के चलते ठंडे बस्ते में चले जाते हैं। दो साल पहले वहां 18 साल से कम के लोगों के धर्म परिवर्तन पर पाबंदी का कानून आया लेकिन मुल्ला- मौलवियों के विरोध के चलते वापस ले लिया गया। वहां धर्म परिवर्तन को ला अर्थात पुण्य का काम कहा जाता है और इस्लामिक कानून के तहत ऐसी पाबंदी धर्म विरोधी कह कर गवर्नर ने कानून रद्द कर दिया था। पाकिस्तान के मानवाधिकार आयोग की बीते साल की रिपोर्ट बेशर्मी से स्वीकार करती है कि देश में हर साल अल्पसंख्यक समुदाय की कोई एक हजार लड़कियों का धर्म परिवर्तन करवाया जाता है और ये 12 से 25 साल उम्र की होती हैं। 2004 से 2018 के बीच अकेले सिंध प्रांत में 7430 हिन्दू लड़कियों के अपरहण के मामले दर्ज किए गए, कहने की जरूरत नहीं कि यह वहां बड़ी संख्या में मामले थाना पुलिस तक जाते ही नहीं हैं। चूंकि सिंध के बड़े जागीरदारों के यहां अधिकांश हिन्दू मजदुर हैं, और वह भी तीन-तीन पीढ़ियों से लगभग बंधुआ मजदुर की तरह, सो उनकी कोई आवाज नहीं होती। कराची शहर में हिन्दू आबादी डॉक्टर जैसे पेशे में सर्वाधिक है, तो सब्जी बेचने वाले भी अधिकांश हिन्दू हैं। पाकिस्तान का शिक्षा तंत्र सबसे जहरीला है, स्कूली किताबों में हिन्दुओं को खलनायक बताया जाता है और आजादी की लड़ाई में मुस्लिम लीग और कांग्रेस की भूमिका को हिन्दू-मुस्लिम टकराव, वहां की किताबों में देश के हिन्दुओं की वफादारी को भारत के साथ जोड़ा जाता है, वहां किसी भी किताब में किसी हिन्दू चरित्र की तारीफ की ही नहीं जाती। पाकिस्तान के संविधान के आर्टिकल 20-22 में धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लेख था लेकिन जुलाई, 1977 में जिया उल हक ने देश में मार्शल लॉ घोषित किया और संविधान में बदलाव कर गैर-मुस्लिमों की धार्मिक स्वतंत्रता पर कई पाबंदियां लगा दीं, पाकिस्तान में राष्ट्रपति मुस्लिम ही बन सकता है और सभी उच्च पदों पर मुस्लिम आयतों के साथ शपथ लेना अनिवार्य है। इसके कारण वहां हिन्दुओं को सदैव दोयम माना जाता है।

पाकिस्तान में हिन्दुओं पर सबसे बड़ा खतरा वहां का ईश निंदा कानून है जिसकी आड़ में भीड़ हिंसा में किसी को भी मार देने पर कोई खास कार्यवाही नहीं होती। हिन्दू या सनातन धर्म का कम से कम तीन हजार साल पुराना अतीत सरहद पार है-मोहेन जोदो या हड़प्पा के रूप में और हिंगलाज और कटासराज मंदिर सहित कई प्राचीन इमारतों के रूप में, दुर्भाग्यपूर्ण है कि पाकिस्तान बनते समय मुहम्मद अली जिन्ना ने वहां धार्मिक आजादी की बात की थी लेकिन अब पाकिस्तान जिन्ना के पाकिस्तान से जेहाद के पाकिस्तान' में तब्दील हो गया है और इसका सबसे बड़ा खमियाजा हिन्दू आबादी को उठा पड़ रहा है। जनगणना के त्रुटिपूर्ण आंकड़े एक तरफ धर्मांतरण के पाप को ढंकने के काम आते हैं, तो दूसरी तरफ जिस आबादी का रिकार्ड नहीं उसके लिए मूलभूत सुविधाओं की चिंता करने की जरूरत नहीं रह जाती। भारत में नागरिकता कानून आने के बाद वहां से पलायन तेजी से हुआ है और शायद वहां की सरकार चाहती भी यही है लेकिन यह अनिवार्य है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय पाकिस्तान में हिन्दू धर्म और उससे जुड़े चिह्नों को सहेजने, हिन्दू आबादी को शैक्षिक और आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए पाकिस्तान सरकार पर दबाव बनाए।

अडानीपरस्ती : इतना ज्ञान कहां से लाते हो माई-बाप

//संजय पराते//

सरकार अब माई-बाप है। वह कानून बनाती है, ताकि आम जनता इसके दायरे में रहे। लेकिन इस कानून को मानना या न मानना, उसकी मर्जी! इन कानूनों में भी इतने चोर दरवाजे जरूर रखे जाते हैं कि समाज का वह प्रभुत्वशाली वर्ग इसका आसानी से उल्लंघन कर सके, जिसके सहारे ये सरकार टिकी होती है। कॉर्पोरेट अडानी और मोदी साय की सरकार के बीच यही रिश्ता है, जो हसदेव के मामले में साफ-साफ दिखता है।

हसदेव के स्थानीय आदिवासी समुदायों के जबरदस्त विरोध और इस विरोध को कमजोर करने के लिए प्रशासन द्वारा खनन प्रभावित गांवों की जबरदस्त घेराबंदी के बीच हसदेव अरण्य वन क्षेत्र में स्थित तीसरे कोयला ब्लॉक केते एक्सटेंशन में उत्खनन शुरू करने के लिए आज जन सुनवाई हो रही है। यह जन सुनवाई भी उस गांव में हो रही है, जो खनन प्रभावित नहीं है और उस पर पर्यावरण प्रभाव आंकलन रिपोर्ट के आधार पर की जा रही है, जो वर्ष 2019 की है और पर्यावरण मंत्रालय के नियमों के अनुसार ही, जिसकी कोई वैधता नहीं है। लेकिन अडानी की सेवा में मोदी-साय राज में कोई नियम-कायदे आड़े नहीं आते।

उल्लेखनीय है कि हसदेव अरण्य के जंगलों को मध्य भारत का फेफड़ा कहा जाता है, जिसकी देश-दुनिया में जलवायु और पर्यावरण सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका है। कॉर्पोरेट लूट के लिए आज ये जंगल अडानी के निशाने पर है और मोदी-साय राज की पूरी ताकत अडानी के साथ खड़ी है। इसी क्रम में राज्यसभा सांसद संदीप पाठक द्वारा हसदेव अरण्य की कटाई के संबंध में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव के जरिए मोदी सरकार ने यह नया ज्ञान बघारा है कि पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने के लिए हसदेव में पेड़ों की कटाई जरूरी है! इसके साथ ही उन्होंने यह जानकारी भी दी है कि हसदेव में पहले ही 94,460 पेड़ काटे जा चुके हैं, जिसकी एवज में 53,40,586 पेड़ लगाए गए हैं। अब 2,73,757 पेड़ और काटे जायेंगे। (देखें : दैनिक छत्तीसगढ़, 31 अगस्त 2024) इस प्रकार, हसदेव क्षेत्र में अडानी को कोयला उत्खनन के लिए अनुमति देने के लिए इतनी कसरत की जा रही है कि पर्यावरण संतुलन के लिए ही जंगलों को खतरा बताया जा रहा है। मोदी-साय राज में अडानीपरस्ती का इससे ज्यादा हास्यास्पद उदाहरण और कुछ नहीं हो सकता।

इन आंकड़ों को वैज्ञानिक शोध के आधार पर आसानी से चुनौती दी जा सकती है। भारतीय वन्य जीव संस्थान के अनुसार, हसदेव के वन क्षेत्र की सघनता प्रति हेक्टेयर 400 हैं। इसके आधार पर सरकार के इस दावे को ठुकराया जा सकता है कि चालू दो कोयला खदानों के लिए केवल 94,460 पेड़ ही काटे गए हैं। लगभग 4000 हेक्टेयर क्षेत्र में फैले दो खदानों के लिए पेड़ों की कटाई की वास्तविक संख्या 16 लाख तक पहुंचती है, जबकि मोदी सरकार केवल 6 प्रतिशत पेड़ों की कटाई की बात ही स्वीकार कर रही है। इसी प्रकार, प्रस्तावित केते एक्सटेंशन परियोजना लगभग 1750 हेक्टेयर वन क्षेत्र में फैली हुई है, जहां पेड़ों की संख्या का वास्तविक अनुमान 7 लाख है, लेकिन सरकार केवल 2,73,757 (39.11 प्रतिशत) पेड़ों की कटाई की ही घोषणा कर रही है। स्पष्ट है कि वास्तविक वन विनाश को छुपाने के लिए ही पेड़ों की कटाई के फर्जी आंकड़े पेश किए जा रहे हैं। इस वन विनाश की भरपाई के लिए वृक्षारोपण के नाम पर दिए जा रहे आंकड़े भी इतने ही फर्जी है। वैज्ञानिक तरीके से एक एकड़ में अधिकतम 2000 पौधों का रोपण हो सकता है। पीईकेबी खदान के लिए पेड़ों की कटाई से हुए नुकसान के लिए जिन 53.40 लाख से अधिक पौधों को लगाने का दावा किया जा रहा है, उसके लिए न्यूनतम 2670 एकड़ (लगभग 1,168 हेक्टेयर) भूमि की जरूरत होगी। ये पेड़ कहां लगे हैं, खनन प्रभावित लोगों को नहीं मालूम। मोदी सरकार बताने के लिए तैयार नहीं, ताकि कोई स्वतंत्र एजेंसी सरकार के इस दावे की जांच पड़ताल कर सके! पौधारोपण के इसी अनुपात का पालन किया जाएं, तो केते एक्सटेंशन के लिए पेड़ों की कटाई से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान की भरपाई के लिए इस सरकार को 1.55 करोड़ पौधे लगाने होंगे। इसके लिए कम से कम 7750 एकड़ भूमि (लगभग 3100 हेक्टेयर) की जरूरत पड़ेगी। यह भूमि कहां से आयेगी, इस पर भी सरकार मौन है। कथित वृक्षारोपण का पूरा मामला एक बड़ा गड़बड़झाला है। वैसे इस सरकार को इतना भी ज्ञान नहीं है कि पेड़ नहीं, बल्कि पौधों का रोपण होता है, जो सही देखभाल के साथ दसियों साल बाद युवा होकर फल-फूल देने वाले पेड़ बनते हैं। वन क्षेत्र प्राकृतिक होते है और इसके आधार पर बनने वाली जैव-विविधता और पर्यावरण, पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करती है। कथित वृक्षारोपण, जो दरअसल पौधा रोपण होता है, इस प्रकृति का और पेड़ों की कटाई से होने वाली पारिस्थितिकी के नुकसान की भरपाई नहीं कर सकती। हसदेव के जंगलों के विनाश के बदले किया जाने वाला कोई भी मानव निर्मित जंगल देश-दुनिया की पारिस्थितिकी को बनाने वाले फेफड़े का निर्माण नहीं कर सकता। केते एक्सटेंशन कोल ब्लॉक से निकलने वाला कोयला राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम को दिया जाएगा। राजस्थान सरकार के अनुसार, उसे अपने कोयला आधारित पावर प्लांटों को चलाने के लिए हर साल लगभग 200 लाख टन कोयले की जरूरत है। लेकिन इससे केते एक्सटेंशन कोल ब्लॉक में उत्खनन की अनिश्चित सिद्ध नहीं किया जा सकता, क्योंकि उसकी जरूरत वर्तमान में चल रहे दो कोयला खदानों से पूरी हो जाती है। फिर, राजस्थान सरकार जिस गति से सौर ऊर्जा परियोजनाओं को बढ़ा रही है, 6 साल बाद कोयला आधारित बिजली पर उसकी निर्भरता पूरी तरह समाप्त हो जाने वाली है। राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव का जवाब अडानी परस्ती का एक नमूना है। केते एक्सटेंशन का कोयला राजस्थान सरकार की जरूरत के लिए नहीं, बल्कि आदमी की तिजोरी के लिए जरूरी है, जिसने पिछले दस सालों में वर्तमान में चालू दो खदानों से ही 28000 करोड़ रुपयों की कोयला चोरी की है।

नए एक्सटेंशन वाली दिशा में आगे बढ़ते मोहन यादव

किसी अच्छे काम को आगे ले जाना समझदारी है। वैसे भी मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री भले ही बदले हों लेकिन सरकार में वहीं राजनीतिक दल है जिसकी प्रदेश में जड़े बहुत गहरी जम चुकी है। इसलिए ऐसे में किसी काम को सिरा पकड़कर सिरे से नया तथा उल्लेखनीय रूप देना उस समझदारी में चार चांद लगाने जैसा है। मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार ने हाल ही में इस तरह की नीति और नीयत, दोनों का एक बार फिर ठोस तरीके से परिचय दिया है।

प्रदेश में उज्ज्वला योजना का लाभ पा रही 46 लाख लाड़ली बहनों को गैस सिलेंडर पर सब्सिडी जारी रखी जा रही है। इस साल अगस्त में तो सभी लाड़ली बहनों को राखी के उपहार के तौर पर ढाई सौ रूपए के शगुन का लाभ भी बरकरार रखा गया है। इस बात में कोई संशय नहीं कि डा. यादव के पूर्ववर्ती शिवराज सिंह चौहान ने अपने समय में महिला कल्याण से संभावनाओं के निर्माण' वाला अद्भुत फामूर्ला लागू कर जबरदस्त तरीके से भाजपा को सियासी लाभ दिलाया था। चौहान ने लाड़ली लक्ष्मी से लेकर लाड़ली बहना योजना तक के सफर में अनेक ऐसे पड़ाव स्थापित किए, जिनसे भाजपा को तगड़ा राजनीतिक माइलेज मिला। यही वजह रही कि जब राज्य में डा. मोहन यादव मुख्यमंत्री बने, तब मुख्य विपक्ष कांग्रेस ने सरकार पर यह कहकर ताबड़तोड़ प्रहार किए कि लाड़ली बहना योजना अब बंद की जा रही है। जाहिर है कि कांग्रेस भी इस बात को भांप चुकी थी कि यदि लोकसभा चुनाव में प्रदेश में भाजपा को कमजोर करना है, तो उसके महिलाओं से जुड़े कार्यक्रमों और लगभग भाजपा का वोट बैंक बन चुकी महिलाओं के लाभ की योजनाओं को ही टारगेट करना होगा। इस दल ने विधानसभा चुनाव से पहले भी महिलाओं को सम्मान निधि और सस्ते सिलेंडर देने की बात कहकर शिवराज की योजनाओं को काउंटर करने का प्रयास किया था। कांग्रेस दोनों ही अवसरों पर असफल रही। खासतौर से लोकसभा चुनाव में ऐसा होने की प्रमुख वजह यह कि डा. मोहन यादव ने इस दिशा में टस से मस हुए बगैर जस की तस धर दीनी चदरिया' से भी एक कदम आगे जाकर शिवराज के कार्यक्रमों को गति और प्रगति प्रदान की।लाड़ली बहना योजना तो बदस्तूर जारी है, डा. मोहन यादव ने शुरू में बताए गए और भी महिला-हितैषी निर्णयों के माध्यम से इस दिशा में नए काम शुरू कर दिए हैं। यह एक तरह से वह एक्सटेंशन भी है, जो किसी चले आ रहे' को चलते ही जाना है' वाला नवाचार भी प्रदान करता है। इसे एक उदाहरण से समझ सकते हैं। जब सरकार यह बात लागू करती है कि वह गर्भवती महिलाओं को मुफ्त सोनोग्राफी जांच की सुविधा देगी, तो यह शिवराज की जननी सुरक्षा योजना का एक तरीका तथा निर्णायक एक्सटेंशन ही कहा जाएगा।मामला निहित ही सियासी मुनाफे वाला है। वर्ष 2003 में उमा भारती ने प्रदेश के घरों के भीतर तक जाकर राजनीतिक मुद्दों को हवा दी।

तस्वीरों की दुनिया

अयोध्या में कथित तौर पर दो लोगों द्वारा बलात्कार की शिकार हुई 12 वर्षीय लड़की के परिवार के सदस्यों से मिलने के बाद भाजपा नेता बाबूराम निषाद और नरेंद्र कुमार कश्यप मीडिया से बात करते हुए।

भाजपा नेता बाबूराम निषाद के नेतृत्व में भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल अयोध्या में 12 वर्षीय लड़की के परिवार के सदस्यों से मिलने पहुंचा, जिसके साथ कथित तौर पर दो लोगों ने बलात्कार किया था।

केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी ने वायनाड जिले के मेप्पाडी में भूस्खलन के केंद्र का दौरा किया।

वायनाड में भारी बारिश के कारण पहाड़ी गांवों में हुए विनाशकारी भूस्खलन के बाद बचाव अभियान जारी है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने फरीदाबाद हरियाणा में बदलाव जनसभा को संबोधित किया।

केरल के वन अधिकारियों ने वायनाड के घने जंगल में 8 घंटे की अविश्वसनीय यात्रा के बाद पांच दिनों के बाद एक मां और चार आदिवासी बच्चों को गुफा से बचाया।

गृह मंत्री अमित शाह ने स्मार्ट सिटी मिशन के तहत 24*7 जलापूर्ति परियोजना का उद्घाटन किया।

कई राज्यों में कुदरत का कहर, केदानाथ में 400 यात्री फंसे, हिमाचल में चौथे दिन मिले पांच शव

नईदिल्ली, 05 अगस्त [एजेंसी]।

उत्तराखंड में केदारघाटी में आई आपदा के बाद बचाव और राहत कार्य में अब सेना भी जुट गई है। सेना ने गौरीकुंड-सोनप्रयाग हाईवे पर फंसे 25 घायल, बुजुर्ग और दिव्यांगों को ट्राली के जरिये से निकाला। अन्य एजेंसियों के संयुक्त अभियान चलाकर सेना ने रविवार को 1275 यात्रियों को सुरक्षित निकाला। अब तक 10374 यात्री निकाले जा चुके हैं, केदारनाथ धाम में 400 यात्री अभी फंसे हुए हैं। लापता यात्रियों का पता लगाने के लिए डॉग स्क्वाड का इस्तेमाल हो रहा है। वर्षा के कारण ध्वस्त पड़े रास्तों और पैदल पुल को ठीक करने का काम तेजी से किया जा रहा है। उधर, हिमाचल प्रदेश में बीते दिनों बादल फटने के बाद बाढ़ आने से मरने वालों की संख्या 14 हो गई है। 41 लोग अभी लापता हैं। आपदा के चौथे दिन रविवार को पांच शव मिले हैं।केदारघाटी में 31 जुलाई की रात बादल फटने और भूस्खलन के बाद जगह-जगह फंसे तीर्थयात्रियों को निकालने के लिए विभिन्न एजेंसियां जुटी हैं। मौसम अनुकूल न होने के कारण हेली सेवा से रेस्क्यू करने में परेशानी आ रही है। रविवार को भी वायुसेना के मालवाहक हेलीकॉप्टर चिनूक और एमआई-17 उड़ान नहीं भर पाए।छोटे हेलीकॉप्टर और पैदल मार्ग से बचाव और राहत कार्य चलाया गया। सेना के दो ब्रिफर डॉग पैदल मार्ग पर जगह-जगह सर्च अभियान में सहयोग कर रहे हैं। 6 ग्रेनेडियर यूनिट सीओ कर्नल हितेश वशिष्ठ के नेतृत्व मेंआपदा से धाम के क्षतिग्रस्त पैदल मार्ग को फिर से आवाजाही के लिए अनुकूल बनाने का काम भी शुरू हो गया है।रविवार को विभिन्न मार्गों पर फंसे 640 यात्रियों को हेलीकॉप्टर और 635 को पैदल मार्ग से सुरक्षित निकाला गया। इनमें केदारनाथ से 80, लिंचोली और भीमबली से 560 यात्री शामिल हैं जिन्हें एयरलिफ्ट

किया गया। भीमबली, लिंचोली और चौमासी-कालीमठ पैदल मार्ग से 112 और गौरीकुंड से सोनप्रयाग पैदल मार्ग से 523 यात्रियों को सुरक्षित निकाला गया।यात्रा मार्ग में फंसे पशुओं की मदद के लिए पशु चिकित्सा विभाग आगे आया है। यात्रा मार्गों पर फंसे घोड़े व खच्चरों के लिए हेलीकॉप्टर के माध्यम से चारा पहुंचाया जा रहा है। राज्य में पहाड़ से लेकर मैदान तक बादल मंडरा रहे हैं। भारी वर्षा का क्रम कुछ धीमा हुआ है, लेकिन अगले कुछ दिनों में वर्षा तेज हो सकती है। मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है।उत्तरकाशी, ऊधम सिंह नगर और हरिद्वार में भी तीव्र बौछारें पड़ सकती हैं। अन्य जिलों में आंशिक बादल छाये रहने के आसार हैं।

हिमाचल प्रदेश में स्पीति की पिन घाटी के सगनम गांव में भी बाढ़ आने से एक महिला की मौत की सूचना है। आपदा के करीब 48 घंटे बाद कुल्लू जिले के बिंदू द्वाग व रायसन में कीरतपुर-मनाली फोरलेन पर यातायात बहाल हो गया है।मंडी में पंडोह बांध के पांचों गेट अब खुल गए हैं। पहली अगस्त को बाढ़ के साथ आई सिल्ट के कारण पंडोह बांध के एक व दो नंबर गेट बंद हो गए थे। जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में रविवार को बादल फटने से कई घर, सड़क और धान की फसल को खासा नुकसान पहुंचा है। सड़क पर चट्टानें आ जाने के कारण श्रीनगर-लेह राजमार्ग बंद हो गया। बादल फटने से क्षेत्र में भूस्खलन शुरू हो गया। बड़ी-बड़ी चट्टानें सड़क पर आ गईं और सड़क बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। उप्र में अधिकतर जगह बादल छाए रहे, लेकिन कुछ जिलों में ही बूंदाबांदी हुई। गंगा, यमुना व सरयू का जलस्तर स्थिर है। बिजनौर बैराज से 52 हजार क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बावजूद अमरोहा के तिगरी में गंगा के जलस्तर में गिरावट दर्ज की गई। बदायूं में गंगा, शाहजहांपुर में गंगा, गर्रा और पीलीभीत में शारदा नदी खतरे के निशान से नीचे है। प्रयागराज में गंगा व व जलस्तर में मामूली वृद्धि दर्ज की गई है।

बिहार में बहने वाली नदियों के कैचमेंट एरिया झारखंड में अतिवृष्टि के कारण शनिवार की रात अचानक उफान में आई लोकायन नदी ने छह पंचायतों में तटबंध तोड़ दिए। इससे नालंदा जिले के हिलसा अनुमंडल के तीन प्रखंडों की छह पंचायत के दर्जनों गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं।राज्य में रविवार को अलग-अलग जगहों पर विभिन्न घटनाओं में दो बच्चों समेत पांच लोगों की डूबने से मौत हो गई, जबकि तीन अन्य बच्चे लापता हैं। येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने रविवार को पश्चिमी मध्य प्रदेश और पूर्वी राजस्थान समेत कई क्षेत्रों में भारी वर्षा होने की आशंका जताते हुए रेड अलर्ट जारी किया। आईएमडी के विज्ञानी नरेश कुमार ने कहा- मानसून अपने सक्रिय चरण में है। उत्तर-पूर्वी मध्य प्रदेश में गहरा दबाव बना हुआ है। दक्षिण-पश्चिम राजस्थान में कम दबाव है। पश्चिमी मध्य प्रदेश, पूर्वी राजस्थान, गुजरात, कोंकण क्षेत्र, गोवा और मध्य महाराष्ट्र में अत्यधिक भारी बारिश होने के आसार हैं। हमने इन क्षेत्रों के रेड अलर्ट भी जारी किया है। अगले दो दिनों में दिल्ली-एनसीआर में बारिश नहीं होगी। केरल, तटीय कर्नाटक और तमिलनाडु में भारी बारिश की उम्मीद है। उधर, भारी बारिश और खड़कवासला बांध से पानी छोड़े जाने के बीच पुणे के जलमग्न आवासीय क्षेत्र में सेना के जवानों को तैनात किया गया है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अधिकारियों को सतर्क रहने और जरूरत पड़ने पर एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और सेना की सहायता से लोगों को खतरे वाले क्षेत्रों से सुरक्षित स्थानों पर ले जाने का निर्देश दिया है।

वायनाड में अब भी 180 तोग लापता, 160 अंग मिले, अज्ञात मृतकों को दफनाया जा रहा

वायनाड। केरल के वायनाड में भूस्खलन में मारे गए अज्ञात लोगों के शवों को जिला प्रशासन ने सामूहिक रूप से दफनाना शुरू कर दिया है। शवों को कई एंबुलेंस से कब्रिस्तान तक लाया गया। वायनाड में भूस्खलन में 308 लोगों की जान जा चुकी है। बड़ी संख्या में लोग अब भी लापता हैं। राहत एवं बचाव में जुटी टीमें लोगों की तलाश में जुटी हैं।केरल के मंत्री के. राजन जानकारी दी कि अब तक 220 शव बरामद किए जा चुके हैं। वहीं भूस्खलन प्रभावित वायनाड जिले में 180 लोग अब भी लापता हैं।

15 अगस्त को लाल किले से दिखेगा नारी शक्ति का दम, 150 महिला सरपंच देंगी खास संदेश



नईदिल्ली, 05 अगस्त [एजेंसी]।

अपनी पंचायतों को विभिन्न प्रकार की समस्याओं से स्वतंत्रता दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुकीं महिला जनप्रतिनिधि लाल किले से नारी सशक्तिकरण का संदेश देंगी। पंचायतीराज मंत्रालय के मानकों पर राज्यों द्वारा चयनित 150 महिला सरपंच, ग्राम पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष आदि महिला पंचायत प्रतिनिधि इस बार स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होंगी। इनकी नेतृत्व क्षमता को और तराशने के लिए न सिर्फ यहां राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की गई है, बल्कि केंद्र सरकार द्वारा यहां इन्हें सम्मानित भी किया जाएगा। नारी शक्ति को एक प्रमुख जाति के रूप में संरक्षण और प्रोत्साहन देने के लिए मोदी सरकार लगातार प्रयासरत है। राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम राजग सरकार समय-समय पर बेहतर काम करने वाली महिला जनप्रतिनिधियों को प्रेरणापुंज के रूप में स्थापित करने के अवसर तलाश रही है।गणतंत्र दिवस समारोह में तो केंद्र सरकार ने देशभर से निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया था, लेकिन स्वतंत्रता दिवस समारोह में सिर्फ पंचायतों की निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों को ही बुलाया गया है। पिछले दिनों पंचायतीराज मंत्रालय की ओर से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखकर कहा था कि स्वतंत्रता दिवस समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित करने के लिए अपने-अपने राज्यों की महिला पंचायत जनप्रतिनिधियों का चयन करें।इसके लिए मानक बताए गए कि पंचायत ने कोई राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय पुरस्कार जीता हो, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेजयल, स्वच्छता या पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में पंचायत ने उल्लेखनीय कार्य किया हो, सामाजिक-आर्थिक विविधता के लिए कार्य किया हो या पंचायत प्रतिनिधि का संबंध स्वतंत्रता सेनानी के परिवार से हो। ऐसी महिला जनप्रतिनिधियों को राज्यों की ओर से जो सूची भेजी गई है, उसे पंचायतीराज मंत्रालय ने अपने मानकों पर परखते हुए अंतिम सूची तैयार कर ली है।

महिला जनप्रतिनिधियों को उनके पति सहित आमंत्रित किया है। उनके साथ राज्यों से नोडल अधिकारी भी व्यवस्थाओं की देखरेख के लिए आएंगे। इस तरह 150 महिला प्रधान या सरचंप, ग्राम पंचायत अध्यक्ष, ब्लाक पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष सहित कुल 274 अतिथि देशभर से आ रहे हैं। इन महिला जनप्रतिनिधियों के लिए 14 अगस्त को नई दिल्ली स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में संबह दस बजे से पंचायतीराज में महिला नेतृत्व विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी।दोपहर में सभी विशिष्ट अतिथि प्रधानमंत्री संग्राहालय का भ्रमण करेंगे, जबकि शाम को आंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में ही केंद्रीय पंचायतीराज मंत्री ललन सिंह और राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल द्वारा महिला जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया जाएगा।

बठिंडा छावनी में चार जवानों की हत्या करने वाले सैनिक को उम्रकैद, सेवा से भी बर्खास्त, सोते वक्त मारी थीं गोलियां

बठिंडा, 05 अगस्त [एजेंसी]।

अति उच्च सुरक्षा वाले पंजाब के बठिंडा सैनिक छावनी में 12 अप्रैल 2023 को चार साथी जवानों की गोली मारकर हत्या करने के दोषी सैनिक देसाई मोहन को जनरल कोर्ट मार्शल (जीसीएम) ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के बाद उसे सेवा से भी बर्खास्त कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, मामले में दोषी ठहराए गए गनर देसाई मोहन के अलावा घटना में मारे गए



सैनिक सागर बत्रे, कमलेश आर, संतोष नागरल और योगेश कुमार जे सेना के तोपखाने की 80 मीडियम रेजिमेंट मेस में तैनात थे। चारों सैनिकों को देसाई मोहन ने उस समय गोली मारी थी, जब वे सैन्य अधिकारियों की मेस के पास अपने कमरे में सो रहे थे।मारे गए सैनिक दक्षिण भारत के अलग-अलग स्थानों के थे।

देसाई को चारों सैनिकों की हत्या के अलावा एक सैन्य चौकी से इंसास राइफल और मैगजीन चोरी करने का भी दोषी पाया गया। राइफल का इस्तेमाल हत्याकांड में किया गया था। पुलिस जांच में आंध्र प्रदेश के रहने वाले देसाई ने शुरू में मृतक सैनिकों पर यौन शोषण का आरोप लगाया था। उसने दावा किया कि चारों सहकर्मी उसके मोबाइल का उपयोग कर उसकी मंगेतर से बात करते थे।

पाकिस्तान के कई राज्यों में बाढ़ की चेतावनी भारी बारिश से तीन की मौत, चार लोग घायल

इस्लामाबाद, 05 अगस्त [एजेंसी]।

पाकिस्तान में भी बरसात ने कहर बरपाना शुरू कर दिया है। डेरा इस्माइल खान के टैंक जिले के कोट-मुर्तजा इलाके में भारी बारिश के कारण एक घर की छत गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई। चार अन्य लोग घायल हैं। हादसे में महिला और उसके दो बच्चों की मौत हुई है। इस बीच राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बलूचिस्तान और दक्षिणी पंजाब के कई जिलों में संभावित बाढ़ की चेतावनी जारी की है। मृतकों की पहचान अस्मा बीबी पत्नी रहमान, उसकी बेटी सादिया बीबी और बेटे वहीद उम्राह के रूप में

हुई है। घायलों में रहमान और उनके तीन बेटे नसीब उम्राह, इरफान और असमत उम्राह शामिल हैं।बता दें कि पाकिस्तान के टैंक जिले में भारी बारिश हो रही है। नदियों और नालों में बाढ़ जैसी स्थिति के कारण टैंक-दक्षिण वजीरिस्तान मार्ग को भी यातायात के लिए बंद कर दिया गया है। बाढ़ की चेतावनी भी जारी कर दी गई है।पाकिस्तान मौसम विभाग ने 4 से 7 अगस्त तक कराची में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। कराची के अधिकांश हिस्सों में 40 से 60 मिमी के बीच बारिश हो सकती है। दक्षिणी पंजाब के डेरा गाजी खान और राजनपुर जिलों के लोगों को भारी बाढ़ के लिए तैयार रहने की सलाह दी गई है। बलूचिस्तान के झोब, सिबी, नसीराबाद और कलात जिलों में मध्यम से उच्च स्तर की बाढ़ आने की आशंका है।सिंध के लरकाना, दादू, जमशोरो और हैदराबाद जिलों में बाढ़ की चेतावनी जारी की गई है। कावुल नदी से सटे इलाकों में बाढ़ का खतरा है। बता दें कि कोह-ए-सुलेमान में बारिश के कारण कई गांवों का संपर्क टूट चुका है। रोझान में 100 से अधिक घरों में पानी घुस गया है। राजनपुर के डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि 200 से अधिक लोगों को सुरक्षित इलाकों में पहुंचाया गया है।

बिहार के हाजीपुर में बड़ा हादसा

हाई टेंशन तार की चपेट में आया डीजे 8 कांवड़ियों की मौत, कई झुलसे

हाजीपुर, 05 अगस्त [एजेंसी]।

बिहार के हाजीपुर में रविवार देर रात बड़ा हादसा हुआ। यहां के जंदाहा रोड औद्योगिक थाना क्षेत्र अंतर्गत बाबा चुहरमल स्थान के निकट हाई टेंशन तार की चपेट में डीजे आ गया। करंट लगने से आठ कांवड़ियों की मौत से कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि आधा दर्जन कांवड़िये गंभीर रूप से झुलस गए हैं। मौके पर अफरा-तफरी मची है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी झुलसे हुए लोगों को हाजीपुर के सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। जढुआ निवासी उमेश पासवान के पुत्र राजीव कुमार और मदन पासवान के पुत्र साजन समेत कई लोग झुलसे हैं।रवि कुमार पिता धर्मेंद्र पासवान। राजा कुमार पिता स्व लाला दासनवीन कुमार पिता स्वर्गीय फुदेना पासवान। अमरेश कुमार पिता सनोज भगत।अशोक कुमार पिता मंटू पासवान। चंदन कुमार पिता चंद्रेश्वर पासवान।कालू कुमार पिता परमेश्वर पासवान।आशी कुमार पिता मिंटू पासवान।मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शी शिवम कुमार ने बताया कि वह अपने दोस्तों के साथ सुल्तानपुर से डीजे ट्रॉली पर सवार होकर पहलेजा घाट जा रहे थे। पहलेजा घाट से जल लेकर बाबा हरिहरनाथ मंदिर में सोमवार की सुबह जलाभिषेक करना था। इसी दौरान बाबा चौहरमल स्थान के निकट हाई टेंशन तार की चपेट में डीजे आ गया। करंट लगने से आठ लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लोग झुलस गए हैं।घटना की जानकारी मिलते ही डीएम यश पाल मीणा, सिविल सर्जन डॉक्टर श्यामनंदन प्रसाद और डीपीएम कुमार मनोज मौके पर पहुंचे। झुलसने वाले लोगों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सदर एसडीपीओ ओमप्रकाश, औद्योगिक थाना क्षेत्र अध्यक्ष राजेश रंजन, नगर थाना अध्यक्ष सुनील कुमार समेत भारी पुलिसबल मौके पर मौजूद है।कांवड़िये डीजे पर सवार होकर जा रहे थे। डीजे की आवाज काफी तेज थी। डीजे अधिक ऊंचा था, इस वजह से बिजली का तार फंस गया। हादसे में आठ लोगों की मौत हुई है। कुछ लोग घायल हैं। उनका इलाज चल रहा है। उचित कार्रवाई की जाएगी।

जीआरपी और आरपीएफ कर्मियों को ड्यूटी के दौरान लेना होगा टिकट रेलवे ट्रिब्यूनल ने कांस्टेबल की याचिका पर सुनाया फैसला

अहमदाबाद, 05 अगस्त [एजेंसी]।

रेलवे दावा ट्रिब्यूनल ने कहा है कि जीआरपी और आरपीएफ कर्मियों को ट्रेन यात्रा के लिए वैध अनुमति प्राप्त करनी होगी या टिकट खरीदना होगा। केवल पहचान पत्र ले जाना पर्याप्त नहीं है। ट्रिब्यूनल ने एक कांस्टेबल द्वारा दायर मुआवजे की याचिका को खारिज करते हुए यह बात कही।उसने दावा किया था कि ट्रेन से गिरने के समय वह आधिकारिक ड्यूटी पर था। ट्रिब्यूनल की अहमदाबाद पीठ ने जीआरपी कर्मियों को ड्यूटी कार्ड पास जारी करने के परिपत्र के संबंध में रेलवे के लापरवाह रवैये को भी रेखांकित किया,



जिन्हें अक्सर यात्रा करनी पड़ती है।जीआरपी कांस्टेबल राजेश बगुल ने ट्रिब्यूनल में याचिका दायर कर रेलवे से ब्याज के साथ आठ लाख रुपये का मुआवजा मांगा था। दावा किया था कि दुर्घटना के दिन वह ड्यूटी पर थे। याचिका के अनुसार, बगुल 13 नवंबर, 2019 को आधिकारिक ड्यूटी के लिए सूरत रेलवे पुलिस थाने गए थे। वह सूरत-जामनगर इंटरसिटी ट्रेन से सूरत से भरूच लौट रहे थे। इसी दौरान वह पालेज स्टेशन पर गिर गए, जिससे उनके बाएं पैर में गंभीर चोटें आईं और पैर का एक हिस्सा काटना पड़ा।ट्रिब्यूनल के सदस्य (न्यायिक) विनय गोयल ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि बगुल अपने आधिकारिक यात्रा दावों को साबित करने के लिए कोई वैध यात्रा अनुमति प्रस्तुत करने में असफल रहे हैं। कहा कि वैध यात्रा अनुमति के अभाव में आवेदक को वास्तविक यात्री नहीं माना जा सकता। इसके साथ ही इस बात पर जोर दिया कि रेलवे को जीआरपी और आरपीएफ अधिकारियों को वैध यात्रा अनुमति देने के संबंध में जारी परिपत्र का पालन करना चाहिए।

मुंबई में सोसायटी की बैठक में हाथापाई, अध्यक्ष ने सदस्य का अंगूठा काटा, पुलिस तक पहुंचा मामला

मुंबई, 05 अगस्त [एजेंसी]।

मुंबई के दहिसर में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां अमरनाथ अपार्टमेंट के अध्यक्ष ने कथित तौर पर सोसायटी के एक सदस्य के हाथ के अंगूठे को काट डाला। संक्रमण की वजह से अब पूरा अंगूठा काटना पड़ सकता है। उधर, शिकायत मिलने पर एमएचबी पुलिस स्टेशन में अध्यक्ष के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। यह घटना सोसायटी की बैठक के दौरान हुई। दरअसल 42 वर्षीय आदित्य देसाई पेशे से प्रोफेसर हैं। वह सोसायटी में एक फ्लैट के मालिक भी हैं। उन्होंने अपने किराएदार की शिकायतों को बैठक में उठाया । देसाई के मुताबिक उनका किराएदार अक्सर देर रात को

लौटता है। वहीं अध्यक्ष नित्यानंद पडियार (67) ने सुरक्षा गार्ड को गेट बंद करने का निर्देश दे रखा है। इससे किराएदार को असुविधा होती है। बैठक के दौरान देसाई ने इस मुद्दे को उठाया और पुलिस में ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने की धमकी दी। इस पर नित्यानंद पडियार को गुस्सा आ गया। पडियार ने देसाई को जमीन पर धकेल दिया और उनके साथ मारपीट शुरू कर दी।

हाथापाई के दौरान ही पडियार ने कथित तौर पर देसाई के बाएं अंगूठे को इतनी जोर से काटा कि वह अलग हो गया। देसाई को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया।

डॉक्टरों ने बताया कि संक्रमण इतना गंभीर है कि पूरे अंगूठे को काटना पड़ सकता है। उधर, देसाई की शिकायत के बाद एमएचबी पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। नित्यानंद मंजुनाथ पडियार के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

ब्रिटेन में क्यों मचा है बवाल, कई शहरों में पुलिस से भिड़े प्रदर्शनकारी, फूंकीं दुकानें

लंदन। साउथपोर्ट में तीन बच्चियों की हत्या के बाद से ब्रिटेन में हिंसक झड़पें जारी हैं। लिवरपूल, हल, ब्रिस्टल, लीड्स, ब्लैकपूल, स्टोक-आन-ट्रेंट, बेलफास्ट, नाटिंघम और मैनचेस्टर में कई स्थानों पर पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पें हुईं। प्रदर्शनकारियों ने ईंट और पटाखे फेंके, होटल की खिड़कियां तोड़ दीं, दुकानों पर हमला बोला और उन्हें आग के हवाले कर दिया।ब्रिटेन की गृहमंत्री यवेटे कूपर ने चेतावनी दी कि इस तरह के आपराधिक कृत्य और गुंडागर्दी की कीमत चुकानी होगी। हिंसा के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 100 गिरफ्तारियां की हैं। हालात को देखते हुए डाउनिंग स्ट्रीट में शनिवार को प्रधानमंत्री किएर स्टार्मर ने मंत्रियों की उच्च स्तरीय बैठक बुलाई थी। प्रधानमंत्री ने पुलिस को उन चरमपंथियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पूरा समर्थन दिया, जो पुलिसकर्मियों पर हमला कर रहे और स्थानीय व्यवसायों को बाधित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह समुदायों को डराकर नफरत फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और जो हिंसक प्रदर्शन हो रहे हैं, दोनों अलग चीजें हैं। किसी भी प्रकार की हिंसा के लिए कोई बहाना नहीं है। सरकार सड़कों को सुरक्षित रखने के लिए सभी आवश्यक कार्रवाई करने के लिए पुलिस का समर्थन करती है।इस बीच, ब्रिटेन में रहने वाले मुसलमानों को ओर से सुरक्षा को लेकर चिंता जताई गई है। कई लोग मस्जिदों में जाने से डरते हैं।

मानसून में सिर की खुजली से हो गए हैं परेशान? इन 5 घरेलू नुस्खों को अपनाएं

मानसून में कई कारणों से सिर की खुजली बढ़ सकती है।पहला, यही है कि इस मौसम में नम वातावरण मालासेजिया जैसे कवक के विकास को बढ़ावा देता है, जिससे डैंड्रफ और खुजली हो सकती है।दूसरा कारण हो सकता है कि अतिरिक्त नमी, गंदगी और तेल का जमाव भी सिर पर खुजली बढ़ा सकता है।इसके अतिरिक्त शुष्क स्कैल्प भी इसके लिए जिम्मेदार हो सकता है।आइए इस समस्या के लिए प्रभावी घरेलू नुस्खे जानते हैं।

एलोवेरा का करें इस्तेमाल

एलोवेरा मॉइश्चराइजिंग गुणों से भरपूर होता है और ताजा एलोवेरा जेल को अपने सिर पर लगाने से खुजली और सूजन को कम करने में मदद मिल सकती है।लाभ के लिए एक एलोवेरा की पत्ती को बीच में से काटकर उसके जेल को स्कैल्प पर लगाएं। 20 से 30 मिनट के बाद सिर को सौम्य शैंपू से साफ कर लें।यहां जानिए बालों पर एलोवेरा जेल के विभिन्न इस्तेमाल।

टी ट्री तेल भी कर सकता है मदद

टी ट्री तेल में शक्तिशाली एंटी-फंगल और एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो इसे सिर की खुजली के लिए एक बेहतरीन उपाय बनाता है।लाभ के लिए नारियल या जैतून के तेल जैसे किसी वाहक तेल में टी ट्री तेल की कुछ बूंदें मिलाएं और इस मिश्रण को अपने सिर पर लगाकर हल्के हाथों से मालिश करें।इसे रातभर या कम से कम 30 मिनट के लिए छोड़ने के बाद शैंपू से सिर को साफ कर लें।

सेब का सिरका है लाभदायक

सेब का सिरका एंटी-माइक्रोबियल, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-फंगल गुणों से युक्त होता है, जो सिर की खुजली को कम करने में मदद कर सकते हैं।लाभ के लिए सेब के सिरके और पानी की बराबर मात्रा को एक स्प्रे बोतल में डालें। इसके बाद इसे अच्छी तरह मिलाकर स्टोर कर लें, फिर जब भी सिर में खुजली हो तो इस मिश्रण का इस्तेमाल करें।हालांकि, इस मिश्रण के इस्तेमाल से पहले त्वचा पर पैच टेस्ट जरूर करें।

नीम के पत्तियां भी हैं प्रभावी

नीम की पत्तियां एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-फंगल गुणों से भरपूर होती हैं, जो सिर की खुजली को कम कर सकते हैं।लाभ के लिए नीम की कुछ पत्तियों को पानी में लगभग 15 मिनट तक उबालें। इसके बाद मिश्रण को कमरे के तापमान पर ठंडा करें और इसे छानकर एक बाल्टी में डालें।शैंपू करने के बाद अपने सिर को धोने के लिए इसी नमी युक्त पानी का इस्तेमाल करें।यहां जानिए डैंड्रफ से राहत के लिए नीम के इस्तेमाल।

प्याज का रस लगाएं

प्याज के रस में एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो स्कैल्प के संक्रमण का इलाज और खुजली को कम करने में मदद कर सकते हैं।लाभ के लिए प्याज को एक ब्लेंडर में डालकर अच्छे से ब्लेंड करें, फिर इसके रस को रूई की मदद से अपने सिर पर लगाएं। लगभग 30 मिनट के बाद सिर को सौम्य शैंपू से साफ कर लें।यहां जानिए प्याज के रस के फायदे।

खूबसूरती बढ़ाने के लिए करवा रही हैं वैम्पायर फेशियल तो जानिए जरूरी बातें

बॉलीवुड और हॉलीवुड की कई मशहूर अभिनेत्रियां इन दिनों अपनी त्वचा को जवान बनाए रखने के लिए वैम्पायर फेशियल करवा रही हैं।यह सुनने में अजीब लगता है, लेकिन इसके जरिए बढ़ती उम्र के लक्षणों को कम किया जा सकता है। इस फेशियल में त्वचा की देखभाल के लिए खून का इस्तेमाल किया जाता है।इसके कई चमत्कारी फायदे होते हैं, लेकिन इसके कुछ हानिकारक प्रभाव भी हो सकते हैं। आइए वैम्पायर फेशियल के विषय में विस्तार से जानते हैं।

क्या होता है वैम्पायर फेशियल?

वैम्पायर फेशियल को पीआरपी फेशियल भी कहा जाता है। यह एक कॉस्मेटिक प्रक्रिया है, जिसमें ग्राहक के शरीर से थोड़ी मात्रा में रक्त निकाला जाता है।इसके बाद इसमें से प्लेटलेट-समृद्ध प्लाज्मा निकालने के लिए इसे संसाधित किया जाता है। अब शरीर के एक हिस्से से निकाले गए इस खून को चेहरे पर इंजेक्ट किया जाता है।इंजेक्शन की सुइयां त्वचा में छोटे-छोटे छेद करती हैं, जिससे त्वचा नए कोलेजन और इलास्टिन के साथ खुद को स्वस्थ बनाती है।

फेशियल के जरिए मिलते हैं ये मुख्य फायदे

वैम्पायर फेशियल कोलेजन उत्पादन को उत्तेजित करता है, जो त्वचा की बनावट और टोन में सुधार कर सकता है। इस प्रक्रिया के जरिए चेहरे पर दिखने वाली महीन रेखाएं और झुर्रियां ठीक हो जाती हैं।जिन लोगों को मुंहासों की समस्या होती है, उन्हें वैम्पायर फेशियल के जरिए मदद मिल सकती है। यह फेशियल ग्राहक के खून से होता है, इसलिए इसे एलर्जी प्रतिक्रियाओं के न्यूनतम जोखिम के साथ एक प्राकृतिक उपचार माना जाता है।



फेशियल से हो सकते हैं ये नुकसान

वैम्पायर फेशियल के फायदों के साथ-साथ कुछ नकारात्मक प्रभाव भी होते हैं। इस फेशियल के बाद आपको लालपन और सूजन का अनुभव हो सकता है।इंजेक्शन वाली जगह पर हल्की सूजन आना आम है और यह कुछ दिनों में कम हो जाती है। इसके अलावा कुछ लोगों को असुविधा और मुंहासें भी हो सकते हैं।यह इंजेक्शन द्वारा होने वाली प्रक्रिया है, जिससे एचआईवी हो सकता है।आप रेड लाइट थेरेपी के जरिए भी त्वचा को जवान बना सकती हैं।

फेशियल करवाने में लगती है इतनी लागत

वैम्पायर फेशियल या पीआरपी थेरेपी की लागत स्थान, डॉक्टर और उपचार की सीमा जैसे कारकों के आधार पर अलग-अलग हो सकती है। हालांकि, इसकी कीमत 30,000 रुपये से लेकर 80,000 रुपये से भी अधिक हो सकती है।

फेशियल के दौरान कैसे सुनिश्चित करें अपनी सुरक्षा

आपको वैम्पायर फेशियल करवाने के लिए बोर्ड-प्रमाणित त्वचा विशेषज्ञ के पास ही जाना चाहिए। इसके अलावा आप एक लाइसेंस प्राप्त चिकित्सक या नर्स से क्क्क्क फेशियल ले सकते हैं।ऐसे डॉक्टर कड़े प्रोटोकॉल और सुरक्षा मानकों का पालन करते हैं, जिसके कारण आपको चिंता करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।किसी पार्लर या बयूटीशियन से यह प्रक्रिया न करवाएं, नहीं तो स्वास्थ्य जोखिम बढ़ सकते हैं।आप अपनी खूबसूरती को बढ़ाने के लिए फेशियल कपिंग का भी सहारा ले सकते हैं।

मानसून में ना करें खाने से जुड़ी ये गलतियां, सेहत पर होगा नेगेटिव असर

मानसून के मौसम में हम सभी की फूड क्रेविंग्स काफी बढ़ जाती है और इसलिए इस मौसम में लोग स्ट्रीट फूड खाना बेहद पसंद करते हैं।

मानसून का मौसम गर्मी से राहत देता है, लेकिन इस मौसम में सेहत से जुड़ी कई तरह की समस्याओं का सामना भी करना पड़ता है। अमूमन यह देखने में आता है कि इस मौसम में लोग अपने खान-पान को लेकर लापरवाही बरतते हैं, जिसका हर्जाना उनकी सेहत को चुकाना पड़ता है। मानसून में मौसमी बीमारियों के अलावा फूड पॉइजनिंग व फूडबोर्न समस्याएं भी बेहद आम हैं। हालांकि, अगर आप हेल्दी रहकर मानसून का मजा उठाना चाहते हैं तो आपको खाने से जुड़ी कुछ गलतियों से बचना चाहिए। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको मानसून में खाने से जुड़ी कुछ गलतियों के बारे में बता रहे हैं, जो आपकी सेहत पर भारी पड़ सकती हैं-

स्ट्रीट फूड खाना

मानसून के मौसम में हम सभी की फूड क्रेविंग्स काफी बढ़ जाती है और इसलिए इस मौसम में लोग स्ट्रीट फूड खाना बेहद पसंद करते हैं। हालांकि, अक्सर स्ट्रीट फूड तैयार करते समय स्वच्छता का बहुत अधिक ध्यान नहीं रखा जाता है, जिससे संदूषण का जोखिम बढ़ जाता है। ऐसे में आपको उल्टी, दस्त, हैजा, टाइफाइड और हेपेटाइटिस ए जैसी बीमारियों का रिस्क कई गुना बढ़ जाता है। इसलिए जहां तक संभव हो, स्ट्रीट फूड खाने से बचें।

फाइड फूड अधिक खाना

मानसून में अक्सर लोग चाय के साथ पकोड़े और समोसे जैसे फाइड स्नैक्स खाना काफी पसंद करते हैं। लेकिन इनके सेवन से आपका कैलोरी काउंट बढ़ता है और इसमें अनहेल्दी फैट्स भी होते हैं, जिससे वजन बढ़ता है। अधिक फाइड फूड खाने से आपको अपच, सूजन और एसिडिटी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा, तले हुए खाद्य पदार्थों का नियमित सेवन खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बढ़ा सकता है, जिससे हार्ट हेल्थ पर भी असर पड़ता है।

फलों का सेवन ना करना

मानसून में अक्सर लोग फलों को अपनी डाइट से बाहर रखते हैं। उन्हें लगता है कि सर्दी या एलर्जी का कारण बन सकते हैं। जबकि फलों में विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में होते हैं जो इम्यून सिस्टम को बूस्ट अप करने के लिए जरूरी है। जब आप फलों का सेवन करते हैं तो इससे आपको मौसमी बीमारियां जल्दी से अपनी जद में नहीं लेती हैं।

व्हाइट ऑफ शोल्डर गाउन में तृप्ति डिमरी ने शेयर किया हॉट लुक, फोटोज ने इंटरनेट पर मचाया तहलका

इन दिनों तृप्ति डिमरी अपनी फिल्म बैड न्यूज को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। ये फिल्म हाल ही में रिलीज हुई है और इस फिल्म में विक्की कौशल के साथ तृप्ति की केमिस्ट्री को लोग काफी ज्यादा पसंद कर रहे हैं। अब एक बार फिर से अभिनेत्री चर्चाओं में आ गई हैं। हाल ही में तृप्ति डिमरी ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं, जिसमें वो काफी ज्यादा स्टनिंग नजर आ रही हैं।

भाभी 2 के नाम से लोगों के बीच सुर्खियों में बटौरने वाली नेशनल क्रश तृप्ति डिमरी आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी दमदार एक्टिंग से लोगों के बीच अपनी खास पहचान बनाई है।

इन दिनों एक्ट्रेस अपनी फिल्म बैड न्यूज को लेकर काफी चर्चाओं में हैं। इसी बीच हाल ही में तृप्ति डिमरी ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं।

तृप्ति डिमरी जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल लहोने लगती हैं। फैंस भी उनके हर एक लुक को देखकर तारीफ करते नहीं थकते हैं।

इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी ने व्हाइट कलर का फुल स्लीव्स बॉडीकॉन गाउन पहना हुआ है, जिसमें वो काफी ज्यादा ग्लैमरस नजर आ रही हैं।

गले में नेकलेस, ओपन हेयर को स्टाइल देकर और लाइट मेकअप कर के अभिनेत्री ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा करती हैं तो अक्सर सोशल मीडिया का तापमान बढ़ जाता है। साथ ही फैंस भी उनके हर एक लुक को देखकर लाइक्स और कॉमेंट्स करने से नहीं रोक पाते हैं।

हालांकि इन तस्वीरों में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। एक यूजर ने फोटोज पर कॉमेंट करते हुए सो ब्यूटिफुल। वहीं दूसरे यूजर ने कॉमेंट करते हुए सो एलिगेंट लिखा है। बता दें कि तृप्ति डिमरी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है।

मैं गर्व से खुद को पहाड़न कहती हूं: रुबीना दिलैक

अभिनेत्री रुबीना दिलैक ने कहा कि वह गर्व से खुद को पहाड़न कहती हैं और उन्हें अपनी परंपराओं पर नाज है। शिमला की रहने वाली रुबीना ने इंस्टाग्राम पर अपने गृहनगर में हुई एक शादी की तस्वीरें शेयर कर पहाड़ी परंपरा से जुड़ाव की कहानी साझा की। तस्वीरों में उन्हें अपने परिवार के साथ पारंपरिक हिमाचली डांस करते हुए देखा जा सकता है।

अपनी जड़ों पर गर्व करते हुए रुबीना ने लिखा, मेरा हमेशा अपनी परंपरा और संस्कृति से जुड़ाव रहा है, और मैं गर्व से खुद को पहाड़न कहती हूं।

अभिनेत्री ने पारिवारिक समारोह से कुछ क्लोज-अप तस्वीरें भी शेयर कीं। इसके लिए रुबीना ने कैप्शन में लिखा, जुलाई में शादी। रुबीना ने अभिनेता अभिनव शुक्ला से शादी की है। 34 वर्षीय अभिनेत्री दो बच्चों की मां हैं। उन्होंने ब्यूटी कॉन्टेस्ट से ग्लैमर की दुनिया में अपनी यात्रा शुरू की। वह दो स्थानीय ब्यूटी कॉन्टेस्ट भी जीत चुकी हैं। उन्होंने 2006 में मिस शिमला का खिताब अपने नाम किया था। रुबीना ने टीवी में छोटी बहू से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की, जो उनके लिए एक सफल शो साबित हुआ। इसके बाद वह सास बिना ससुराल, पुनर्विवाह - एक नई उम्मीद, देवों के देव...महादेव और जीनी और जूजू जैसे शो में काम करती हुई नजर आईं।

छोटी बहू के बाद उनका दूसरा सबसे हिट शो शक्ति अस्तित्व के एहसास की रहा। इसमें उन्होंने विवियन डीसेना के साथ एक ट्रांस महिला का किरदार निभाया था। अभिनेत्री ने बिग बॉस के 14वें सीजन में भाग लिया जहां वह विजेता बनकर उभरीं। रुबीना ने फियर फैक्टर: खतरों के खिलाड़ी के 12वें सीजन और झलक दिखला जा 10 में भी हिस्सा लिया। 2022 में उन्होंने अर्ध से अपनी फिल्मी यात्रा शुरू की, जिसमें राजपाल यादव और हितेन तेजवानी जैसे मंझे कलाकार उनके साथ थे।

अपनी स्किन टाइप के अनुसार लगाएं नारियल मलाई फेस मास्क, मिलेगी दमकती स्किन

दमकती स्किन पाने की चाहत तो हम सभी की होती है और इसके लिए हम कई तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल भी करते हैं। जबकि स्किन की केयर करने के लिए नेचुरल इंग्रीडिएंट्स का इस्तेमाल करना काफी अच्छा माना जाता है। इन्हीं में से एक है नारियल की मलाई। अक्सर लोग नारियल की मलाई को यूं ही बाहर कर देते हैं, जबकि यह आपकी स्किन के लिए वरदान है।

रूखी स्किन के लिए नारियल मलाई फेस मास्क

रूखी स्किन के लिए नारियल मलाई और शहद का मास्क बनाया जा सकता है। यह आपकी स्किन को गहराई से मॉइश्चराइज़ करता है और प्राकृतिक चमक प्रदान करता है।

आवश्यक सामग्री-2 बड़े चम्मच नारियल मलाई,1 बड़ा चम्मच शहद,मास्क बनाने का तरीका- सबसे पहले एक बाउल में नारियल मलाई और शहद को मिलाकर चिकना पेस्ट बना लें। अब इसे चेहरे पर लगाएं और 15-20 मिनट के लिए छोड़ दें। अंत में, गुनगुने पानी से धो लें।**ऑयली स्किन के लिए नारियल मलाई फेस मास्क** ऑयली स्किन के लिए नारियल मलाई और हल्दी से मास्क बनाकर लगाएं। यह मास्क अतिरिक्त तेल उत्पादन को संतुलित करता है, मुंहासे कम करता है और त्वचा को चमकदार बनाता है।**आवश्यक सामग्री**-2 बड़े चम्मच नारियल मलाई1/2 चम्मच हल्दी पाउडर,चम्मच नींबू का रस**फेस मास्क बनाने का तरीका**-सभी सामग्री को अच्छी तरह मिला लें। अब अपने फेस को क्लीन करके मिश्रण को चेहरे पर लगाएं और 15 मिनट तक लगा रहने दें। अंत में, गुनगुने पानी से धो लें।

शब्द सामर्थ्य -138

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छींक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, बक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

ऊपर से नीचे

1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. रसमय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक137 का हल

दि	ख	त		आ	सा	न		आ
ल		मी		खि		सी	ख	ना
	म	ज	बू	र		ह		जा
स	र्द			का		त	रा	ना
र				र	वि		ह	
प	ह	ना	ना		ना	रा	ज	
ट			क	शि	श		नी	ला
	र			का		रा		य
खा	ति	र	दा	री		त	क्ष	क

गाजर घास और मच्छरों से परेशान नगर वासी, प्रशासन की आंखें बंद

डेंगू प्रभावित है चरचा कालरी क्षेत्र....

एक माह पूर्व मिला डेंगू का मरीज़....

चरचा कालरी। नगर पालिका शिवपुर चर्चा क्षेत्र में इन दिनों चारों तरफ गाजर घास की भरमार हो गई है पालिका का कोई भी ऐसा वार्ड नहीं है जहां गाजर घास की बहुतायत ना हो गाजर घास की वजह से मच्छरों की संख्या भी बढ़ गई है चरचा कालरी क्षेत्र वैसे भी डेंगू प्रभावित क्षेत्र है ऐसी स्थिति में गाजर घास के बढ़ने और मच्छरों की भरमार से कभी भी अप्रिय स्थिति की संभावना को नकारा नहीं जा सकता।

एक महीने पूर्व स्थानीय एक महिला को बुखार की समस्या हुई जिस पर उसे क्षेत्रीय चिकित्सालय चर्चा में दिखाया गया व बाद में अपोलो अस्पताल रेफर कर दिया गया जहां चिकित्सा जांच कर डेंगू प्रभावित बताया और उसे महिला का डेंगू का इलाज किया गया कुछ वर्ष पूर्व चर्चा में भयावह रूप से डेंगू की बीमारी फैली थी और उसमें सैकड़ो लोग प्रभावित हुए थे कई लोगों की असमय दुखद मृत्यु भी हो गई थी।

नेशनल हाईवे से नगर पालिका प्रवेश करते ही सड़क के दोनों तरफ भारी मात्रा में गाजर घास लगी हुई है वार्ड क्रमांक एक क्षेत्र अंतर्गत क्षेत्र अंतर्गत रेलवे कॉलोनी आवासीय परिसर के समीप ऐसा लगता है कि मानो अघोषित रूप से गाजर घास की खेती की जा रही है चर्चा काली के सबसे विशालकाय रेलवे स्टेडियम में गाजर घास की भरमार है यहां सुबह लोग व्यायाम करने आते हैं किंतु उन्हें यह नहीं पता कि गाजर घास की वजह से उनके स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा श्रमवीर स्टेडियम एवं महाजन स्टेडियम में भी यही स्थिति है गाजर घास से मनुष्य में त्वचा संबंधी रोग ,एक्जिमा, एलर्जी ,बुखार ,दमाआदि जैसी बीमारियां हो जाती हैं अत्यधिक प्रभाव होने पर मनुष्य की मृत्यु तक हो सकती है पशुओं के लिए भी यह खरपतवार अत्यधिक विषाक्त होता है गाजर घास के तेजी से फैलने के कारण अन्य उपयोगी वनस्पतियां खत्म होने लगते हैं गाजर घास में रेक्स्यूपटरपीन नमक नामक विषाक्त रसायन पाया जाता है जो फसलों की अंकुरण क्षमता पर विपरीत असर डालता है इसके परांकरण अगर फसलों में ज्यादा पड़ जाए तो उसमें दाना बनाने की क्षमता कम हो जाती है इसका दुष्प्रभाव इतना ज्यादा होता है कि दलहनी फसलों में नाइट्रोजन रोकने की जो क्षमता होती है यह उसे भी प्रभावित करते हैं।

चरचा कालरी क्षेत्र में स्थानीय नागरिक मच्छरों से बेहद परेशान है कहने को तो यहां एसईसीएल चर्चा प्रबंधन और नगर पालिका प्रशासन जैसी दो महत्वपूर्ण संस्थाएं हैं इन दोनों ही संस्थाओं के द्वारा बढ़-चढ़कर साफ-सफाई की बात कही जाती है किंतु हकीकत में कुछ भी कार्य नहीं किया जाता पालिका प्रशासन और चरचा कालरी प्रबंधन द्वारा अभी तक ना तो नालियों में कीटनाशक दवाइयां का छिड़काव किया गया और न हीं मच्छरों को भगाने के लिए फागिंग की गई है इसी क्रम में गाजर घास काटने के प्रति भी कोई पहल नहीं की जा रही है जो की बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है समय रहते समुचित कार्रवाई अत्यंत आवश्यक है।

गिरने से गंभीर रूप से घायल पूर्व पार्षद की मौत

बिश्रामपुर। घर में फिसल कर गंभीर रूप से चोटिल पूर्व पार्षद आभा विश्वकर्मा की रविवार को उपचार के दौरान मौत हो गई। वे 57 वर्ष आयु की थी और संयुक्त कोयला मजदूर संघ (एटक) के केंद्रीय अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा की पत्नी थी।

सोमवार को स्थानीय मुक्तिधाम में उनका दाह संस्कार किया जाएगा। बता दें कि 17 जुलाई को नगर के वनबी कालोनी स्थित आवास में फिसल कर गिरने से वे गंभीर रूप से चोटिल हो गई थीं। उनके पेट में चोट लगने से अत्यधिक रक्त स्त्राव होने लगा था। जीवन ज्योति अस्तपताल अंबिकापुर में भर्ती आभा विश्वकर्मा की तबियत बिगड़ने पर अपोलो अस्पताल बिलासपुर में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान रविवार दोपहर तीन बजे उनकी मौत हो गई।एसकेएमएस (एटक) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं एसईसीएल के केन्द्रीय महामंत्री हरिद्वार सिंह ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए कहा है कि इस दुख की घड़ी में अजय विश्वकर्मा एवं समुचे परिवार के साथ एटक एसईसीएल शामिल है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर हरेली त्योहार के दिन राज्य को मिली बड़ी सौगात

कोरिया। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर हरेली तिहार के दिन राज्य के लोगों को एक बड़ी सौगात मिली है। मुख्यमंत्री की पहल पर राज्य में 535 चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति की गयी है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर पदस्थापना आदेश जारी किया गया है। इन चिकित्सकों की नियुक्ति से राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा और दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को भी बेहतर और गुणवत्ता पूर्ण चिकित्सा सुविधा का लाभ मिलेगा। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के द्वारा चिकित्सा स्नातक एमबीबीएस पाठ्यक्रम 2018 बैच के चिकित्सा स्नातकों को निष्पादित अनुबंध अनुसार दो वर्ष की संविदा सेवा का अवसर दिया गया है। इन चिकित्सा अधिकारियों में बालोद जिले में 22, बेमेतरा में 10, धमतरी में 6, दुर्ग में 55, गरियाबंद में 6, कबीरधाम में 20, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 8, महासमुंद में 34 चिकित्सा अधिकारियों की पदस्थापना की गयी है। इसी प्रकार मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में 3, रायपुर में 42, राजनांदगांव में 22, बलौदाबाजार-भाटापारा में 3, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 15, बिलासपुर में 22, जांजगीर-चांपा में 12, गौरेला-पेण्ड्रा-मारवाही में 4, कोरबा में 32, मुंगेली में 3, रायगढ़ में 42, सक्ती में 1 स्नातक चिकित्सा अधिकारी की नियुक्ति की गयी है। इसी प्रकार बस्तर में 17, बीजापुर में 5, दंतेवाड़ा में 13, कांकेर में 19, कोण्डागांव में 7, नारायणपुर में 1, सुकमा में 11, बलरामपुर में 19, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 16, जशपुर में 21, कोरिया में 6, सूरजपुर में 6 तथा सरगुजा जिले में 32 स्नातक चिकित्सा अधिकारी की नियुक्ति की गयी है।

कार से कर रहे थे गांजा की तस्करी,तीन गिरफ्तार

बलरामपुर। जिले की बसंतपुर पुलिस ने कार से गांजा लेकर जा रहे तीन युवकों को गिरफ्तार किए है। इनके कब्जे से 32 किलो गांजा बरामद किया गया है। आरोपित सम्मी कपूर (18) मासी गजनेर कानपुर,नरेंद्र सिंह (24) करीमनगर सिकंदरा कानपुर तथा धर्मेंद्र सिंह (20) सहानीपुर कानपुर हैं। बसंतपुर थाना प्रभारी कुमार चंदन सिंह ने बताया कि वाहनों की जांच के दौरान कार आकर रुकी। कार में तीन युवक सवार थे। युवकों से पूछताछ में उनकी गतिविधियां संदिग्ध लगी। जब कार की जांच की गई तो प्लास्टिक में पैक गांजा के पैकेट मिले।

सरेआम शराब पीते 30 गिरफ्तार

रायपुर। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 30 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया है।

हर वंचित तक पँहुच रहा है प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ

पौधरोपण के साथ आवास पूर्ण करने वाले हितग्राहियों का हुआ अभिनन्दन

कोरिया बैकुंठपुर। कोरिया जिले में हरेली त्योहार के शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियो को पौधे भेंट कर अभिनंदन पत्र भी प्रदान किया गया। राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले के जनपद पंचायत सोनहत के मुख्यालय में एक भव्य समारोह आयोजित कर हितग्राहियों को सम्मानित किया गया।

इस आयोजन के सम्बंध में जानकारी देते हुए जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि हरेली का त्यौहार कोरिया में भी पूरे उल्लास के साथ मनाया जाता है और इस अवसर को यादगार बनाने के लिए ही आज आवास योजना के लाभार्थियों को अभिनन्दन पत्र सौंपा गया। सोनहत स्थित सामुदायिक भवन में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती ज्योत्सना राजवाड़े एवं जनपद पंचायत के सदस्य गण की गरिमामय उपस्थिति यह आयोजन सम्पन्न हुआ। इसी तरह जनपद पंचायत बैकुंठपुर के ग्राम पंचायत बस्ती में हरेली त्यौहार के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत पौधा रोपण एवं पौधा वितरण का सफल आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में आवास हितग्राहियों को पौधा वितरण के साथ आवासों के समीप वृक्षारोपण किया गया। साथ ही जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में डिजिटल माध्यम से मुख्यमंत्री आवास योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के हितग्राहियों को कार्य प्रगति पर पात्रता अनुसार किस्त की राशि जारी की गई। इस आयोजन में जनपद पंचायत सोनहत एवं बैकुंठपुर से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत 52 हितग्राहियों को 23 लाख रुपए एफटीओ के माध्यम से जारी किए गए। वही मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 150 हितग्राहियों को 67 लाख पचास हजार रुपए एफटीओ के माध्यम से जारी किए गए। इस समारोह में योजनांतर्गत आवास निर्माण पूर्ण करने वाले हितग्राहियों को जनप्रतिनिधियों द्वारा अभिनंदन पत्र वितरित कर सम्मान किया गया। जिला पंचायत सीईओ डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने आवास योजना के हितग्राहियों को जल्द से जल्द अपने आवास पूर्ण करने का अनुरोध किया है। आयोजन में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अलावा योजना के अधिकारी,कर्मचारियों सहित आवास योजना के हितग्राही उपस्थित रहे।

ब्लड की जरूरत पूरा करने पुलिस हमेशा साथ रहेगी पीड़ित के

सूरजपुर। कहते हैं कि पुलिसवालों पर जिम्मेदारी का दबाव रहता है और इन्हे खुद से ज्यादा दूसरों का ख्याल होता है। अगर बात की जाए सूरजपुर पुलिस की तो जनता की सेवा में ये हमेशा तैनात रहते हैं। इसी कड़ी में लोगों की मदद के लिए रक्तदान का नेक काम कर यहां की पुलिस ने लोगों का दिल जीतने का काम किया है।

उप पुलिस महानिरीक्षक व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री एम.आर.आहिरे (भापुसे) के निर्देशन व एएसपी संतोष महतो के मार्गदर्शन में रविवार, 04 अगस्त को पुलिस लाईन में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ जहां पुलिस के जवानों सहित महिला आरक्षक ने भी ब्लड डोनेट किया। इस कैंप में पुलिसकर्मियों में ब्लड डोनेट करने को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। इस दौरान रक्षित निरीक्षक अशोक गिरी ने 14 यूनिट ब्लड डोनेट करने वाले पुलिस के जवानों की हौंसला अफजाई की। उन्होंने कहा कि पुलिस के जवान भी समाज का एक हिस्सा है। ब्लड डोनेशन करना एक पुनीत कार्य है, किसी भी व्यक्ति की जान ब्लड की कमी के चलते नहीं जाए इसी को देखते हुए आज ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया है।

सभी को रक्तदान के लिए प्रेरित किया और कहा कि जब भी किसी को ब्लड की जरूरत होगी तो सूरजपुर पुलिस सदैव जरूरत मंद व्यक्ति के साथ खड़ा मिलेगा। शिविर के सफल संचालन में जिला चिकित्सालय के डॉ. आजाद भगत, एमएलटी संतोष साहू, रामशरण इन्द्रभान सिंह, स्टाफ नर्स शिवकुमारी खैरवार, कार्उसलर अंजली साहू, वार्डवाय अमर साय सहित प्रधान आरक्षक प्रदीप पटेल, सुरेश सूर्यवंशी, अरूण बड़ा, आरक्षक जेट्टाराम, मनोज ठाकुर व हेमन्त नेताम सक्रिय रहे। इन्होंने किया ब्लड डोनेशन। रक्तदान शिविर में प्रधान आरक्षक उमाशंकर कुशवाहा, आरक्षक शिशिर डुगडुग, रजनीश पटेल, अजय एक्का, बसंत साहू, पूरनसाय राजवाड़े, शिवकुमार, नवीन बेक, सुनील बेक, महेत्तर सिंह, मुकेश सिंह, चमन लाल राजवाड़े, हुमराम उरांव व महिला आरक्षक शकुन्तला सहित अन्य ने रक्तदान किया।

मुख्यमंत्री साय मेरीन ड्राइव पर आयोजित हरेली उत्सव और सम्मान समारोह में शामिल हुए

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राजधानी रायपुर के तेलीबांधा तालाब स्थित मेरीन ड्राइव पर आयोजित हरेली उत्सव और सम्मान समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने पूआगर, गैंती, गेड़ी सहित कृषि यंत्रों की पूजा की और प्रदेश के किसानों की खुशहाली के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने भक्त माता कर्मा के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर आरती की और छत्तीसगढ़ की सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री अरूण साव, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, विधायक मोतीलाल साहू और संदीप साहू सहित साहू समाज के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

पिता की जगह पुत्र कालेज में कर रहा लिपिकीय कार्य

बिश्रामपुर। नगर में संचालित शासकीय महाविद्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड तीन लिपिक के स्थान पर पिछले करीब चार साल से उसके पुत्र द्वारा अवैधानिक तरीके से ड्यूटी करने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में प्राचार्य की भी संलिप्तता के आरोप लग रहे है। कई संगठनों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर इस अवैध कृत्य में शामिल लोगों पर कार्रवाई की मांग की है।

शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर इन दिनों अपनी कार्यशैली को लेकर सुर्खियों में है। महाविद्यालय का एक सनसनीखेज मामला इंटरनेट मीडिया में वायरल होने से महाविद्यालय प्रबंधन की जमकर फजीहत हो रही है। बताया जा रहा हैं कि शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर में पिछले करीब चार वर्ष से पदस्थ सहायक ग्रेड तीन रामधुन मांडवा के स्थान पर उनका पुत्र नदीप मांडवा महाविद्यालय में ड्यूटी करता है। यह भी आरोप है कि वह उपस्थिति पंजी में अपने पिता का फर्जी दस्तखत करता है। महाविद्यालय के विद्यार्थियों की माने तो प्राचार्य की कथित साठगांठ से अपने पिता के स्थान पर अवैध रूप से ड्यूटी कर रहे नदीप मांडवा द्वारा स्थानांतरण प्रमाण पत्र से लेकर चरित्र प्रमाण पत्र बनाने के काम के साथ ही लेखा कार्य किया जा रहा है। इससे महाविद्यालय की गोपनीयता भी प्रभावित हो रही है। इसी प्रकार महाविद्यालय में संपन्न होने वाली व्यापमं व पीएससी जैसी संवेदनशील परीक्षाओं में भी ड्यूटी करने का गंभीर आरोप है। महाविद्यालय के एक व्याख्याता ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि अपने पिता के स्थान पर अवैधानिक रूप से कार्य कर रहे नदीप मांडवा पर निजी स्वार्थ के लिए प्राचार्य द्वारा आपत्ति दर्ज कराने की बजाय उससे गैरकानूनी ढंग से कार्य कराया जा रहा है। बताया गया कि महाविद्यालय के सीसीटीवी फुटेज से मामले की सच्चाई उजागर हो जाएगी। इसी प्रकार महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापकों पर समय पर ड्यूटी नही आने और निर्धारित समय से पूर्व ही कार्यस्थल से घर चले जाने का भी आरोप लगाया जा रहा है। सहायक ग्रेड तीन पर पदस्थ लिपिक के स्थान पर पुत्र द्वारा अवैध तरीके से ड्यूटी किया जाना गंभीर मामला है। इसमे प्राचार्य की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जानी चाहिए। पिता के स्थान पर पुत्र द्वारा ड्यूटी किया जाना अत्यंत गंभीर मामला है। इसमे प्राचार्य की भूमिका भी संदिग्ध है। शिक्षा के संस्थान में बरती जा रही अनियमितता की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। जांच में दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाए।

पहाड़ी क्षेत्र में आंगनबाड़ी संचालन से बच्चों को खतरा

रामानुजगंज। रामानुजगंज विकासखंड मुख्यालय से महज आठ किलोमीटर दूर स्थित मितगई के आंगनबाड़ी केंद्र को करीब 100 मीटर ऊंचे पहाड़ीनुमा स्थल पर बना दिया गया है। इससे छोटे मासूम बच्चों को चढ़ने एवं उतरने में काफी परेशानी होती है। बच्चों के वहां से हर पल गिरने का भी खतरा बना रहता है। आंगनबाड़ी केंद्र में करीब 20 से 25 बच्चे पंजीकृत है परंतु प्रतिदिन इतनी संख्या में बच्चे अधिक ऊंचाई के कारण वहां नहीं पहुंचते हैं।

मितगई के शेखपारा में आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण कुछ वर्ष पूर्व किया गया था। बताया जा रहा है कि नीचे समतल भूमि नहीं मिलने के कारण पहाड़ पर इसका निर्माण कर दिया गया। आंगनबाड़ी केंद्र का भवन बनने के बाद यहां पर आंगनबाड़ी नियमित रूप से लग रहा है परंतु बच्चे इतनी ऊंचाई में जाने से कतराते हैं। आंगनबाड़ी केंद्र में पानी की भी व्यवस्था नहीं है। पानी भी नीचे से लेकर जाना पड़ता है जो बहुत ही कठिन काम होता है। एक ओर इतनी ऊंचाई में आंगनबाड़ी केंद्र का भवन बना दिया गया है वही आंगनबाड़ी केंद्र जब से बना है तब से सैप्टिक टैंक खुला छोड़ दिया गया है। एक और ऊंचाई से बच्चों के गिरने का खतरा दूसरी ओर सेप्टिक टैंक भी बच्चों के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। आंगनवाड़ी भवन के ठीक सामने खाई है। मुश्किल से वह भवन से पांच से 10 फीट की सीधी दूरी पर है। ऐसे में बच्चे भवन से निकलकर सामने की ओर जाते हैं। पलक झपकते यहां कभी भी हादसा हो सकता है। यहां हर पल आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका को बच्चों पर नजर रखनी पड़ती है। जानकारी मिली है कि कुछ ऊंचाई में आंगनबाड़ी केंद्र है वहां मैं निरीक्षण के लिए जाता रहता हूं। आंगनबाड़ी केंद्र तक जाने के लिए रास्ता बनवाया गया है। प्रयास किया जा रहा कि आंगनबाड़ी केंद्र नीचे संचालित हो सके।

कांवरियों का नगर पंचायत अध्यक्ष ने स्वागत किया

रामानुजगंज। नगर के वार्ड क्रमांक 13 में स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय मांगलिक भवन में बाबा बैजनाथ धाम कांवरिया सेवा समिति के द्वारा बाबा बैजनाथ धाम जाने वाले कावरियों की सेवा कार्य का शुभारंभ कांवरिया सेवा समिति के संयोजक एवं नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में नगर वासियों के द्वारा शनिवार को भगवान शंकर की पूजा अर्चना और कांवरियों के सेवा संकल्प के साथ किया।

गौरतलब है कि विगत वर्षों की भांति इस बार भी श्रावण मास में नगरवासियों के द्वारा सामूहिक जन सहयोग से पंडित दीनदयाल उपाध्याय मांगलिक भवन में बाबा बैजनाथ धाम जाने वाले कावरियों को रूकने एवं जलपान की व्यवस्था की गई है।

मुख्यमंत्री ने भोरमदेव में कावड़ियों पर की पुष्प वर्षा

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कबीरधाम जिले के भोरमदेव में शिव भक्तों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की। इस दौरान उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा साथ थे। मुख्यमंत्री ने आज भोरमदेव में सावन सोमवार के अवसर पर हजारों की संख्या में पहुंचे शिव भक्तों, जो सैकड़ों किलोमीटर पैदल यात्रा कर शिवजी का जल अभिषेक करने आए हैं, पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की। यह आयोजन छत्तीसगढ़ में पहली बार हो रहा है, जब प्रदेश के मुखिया स्वयं कावड़ियों पर पुष्प वर्षा किये। मुख्यमंत्री द्वारा पुष्प वर्षा का यह क्षण श्रद्धालुओं के लिए ऐतिहासिक रहा। पहली बार राज्य के मुख्यमंत्री स्वयं कावड़ियों पर पुष्प वर्षा किये, जिससे श्रद्धालुओं का उत्साह और भी बढ़ गया। इस आयोजन से छत्तीसगढ़ की धार्मिक परंपराओं और संस्कृति को और भी सशक्त बनाएगा।

सट्टा खिलाते तीन गिरफ्तार

रायपुर। पुलिस ने ऑनलाइन सट्टा खिलाते तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से सट्टा-पट्टी सहित 4 नग मोबाइल, 1 टेबलेट, टीवी जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार टिकरापारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर संतोषी नगर शकुन बग्गा बार में ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा खिलाते आरोपी ईशान डेगवानी 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 1 मोबाइल और सट्टा-पट्टी जब्त किया है। वहीं अभनपुर पुलिस ने आरोपी अटल आवास में दबिश देकर आरोपी अंकित मंडल 30 वर्ष व एक अन्य को गिरफ्तार किया है।

गजराजों का उत्पात : सात घरों को ढहाया, फसल चौपट की

कोरबा। सवाल अभी भी कायम है कि आखिर कोरबा जिले के दोनों वनमंडल में गजराजों के उत्पात की समस्या कैसे और कब तक नियंत्रित हो सकेगी। अधिकारियों के पास इसका कोई जवाब नहीं है। अरसे से बनी चुनौती के बीच पिछली रात दो हाथियों ने पसान वन परिक्षेत्र में जमकर उत्पात मचाया। सात कच्चे घरों को ढहाने के साथ खेतों में लगी धान व अन्य फसल को उन्होंने चौपट कर दिया।

कटघोरा वनमंडल के पसान रेंज अंतर्गत कुम्हारीसामी ग्राम के भर्रापारा इलाके में मध्य रात्रि 2 बजे के आसपास यह घटना हुई। पता चला कि यहां पर पड़ोसी जीपीएम जिले के मरवाही वन परिक्षेत्र से दो दंतैल हाथी घुस आये। हाथियों की चिंघाड़ सुनकर आसपास की आबादी भयभीत हो गई। वह अपनी जान बचाने को लेकर चिंतित रही। जिसने हाथियों के यहां से जाने और सुबह होने की प्रतीक्षा की। इस बीच हाथियों ने उत्पात मचाया और सात कच्चे मकानों को निशाना बनाते हुए नष्ट कर दिया। गनीमत यह रही कि हाथियों की गतिविधियों के कारण ग्रामीण आबादी सतर्क थी इसलिए प्रभावित मकानों में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हो सकी। संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के बाद हाथी गांव से खेत की तरफ चले गए और किसानों के द्वारा लगाई गई बागवानी व अन्य फसल को पैरों तले रौंद डाला। ग्रामीणों ने वन विभाग को इस बारे से अवगत कराया। जिसके बाद रेंजर रामनिवास के निर्देश पर डिप्टी रेंजर ईश्वर दास मानिकपुरी अपनी टीम के साथ यहां पहुंचे। फौरी तौर पर ऑपरेशन शुरू किया और हाथियों को इस इलाके से खदेड़ने का काम किया। अब तक की सूचनाओं में कहा गया कि उत्पात मचाने वाले दोनों हाथी कुछ दूर पर स्थित कोसाबाड़ी क्षेत्र में मटरगस्ती कर रहे हैं। हाथियों के उत्पात से लखन चौधरी, बोधन लाल, गुलाब सिंह पोया, पद्म कंववर व तीन अन्य ग्रमीण प्रभावित हुए हैं जिनके घरों को हाथियों ने बुरी तरह ध्वस्त कर दिया है। वन विभाग द्वारा खदेड़े जाने पर जंगल जाने से पहले हाथियों ने अधरियाडीह में एक ग्रामीण के घर को भी निशाना बनाया और उसे तोड़ने के साथ ही वहां रखे घरेलू सामानों को भी नष्ट कर दिया।

जानवर कैसे रह सकते हैं जंगल से दूर

पिछले वर्षों से बनी हुई समस्या को लेकर कहा जाता रहा है कि यह जरूर है कि जानवरों का उत्पात चल रहा है लेकिन जो वर्ग जंगल से जुड़ा हुआ है, उसके कहीं और जाने की कल्पना कैसे की जा सकती है। इतना अवश्य है कि अनापेक्षित गतिविधियों को थामने के लिए कोशिश की जा सकती है ताकि मानव जाति के सामने परेशानियां कम हो।

खदेड़ने के दौरान दंतैल गिरा तालाब में

कोरबा वनमंडल के करतला परिक्षेत्र में एक सप्ताह से दंतैल हाथी सक्रिय है। उसकी गतिविधियों के कारण अब तक इलाके में कई लोगों को संपत्ति का नुकसान हो चुका है। हाथी को खदेड़ने के लिए वन विभाग के द्वारा ऑपरेशन शुरू किया गया। जानकारी के अनुसार देवलापाठ गांव के पास एक तालाब में यह हाथी भागते हुए गिर पड़ा। इस वजह से वन विभाग के सामने अब नई मुश्किल खड़ी हो गई है। वहीं हाथी को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी है।

तीसरे सावन सोमवार को शिवालयों में जुटे भक्त

कोरबा। सावन के तीसरे सोमवार को मौसम खुशनुमा रहा तो शिवालयों माहौल भी खास रहा। बड़ी संख्या में शिव भक्तों की उपस्थिति यहां रही। कुछ इलाकों से कांवर यात्रा रात्रि को निकाली गई। कांवरियों ने आज सुबह मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया।

लंबे समय के बाद इस वर्ष सावन के महीने में विशेष संयोग बने। कुल 5 सोमवार इस महीने में उपस्थित हैं। सावन की शुरूआत ही सोमवार से हुई। समापन भी इसी दिन से होगा। इस बीच आज तीसरे सोमवार को शिव भक्तों में अपार उत्साह देखने को मिला। कोरबा नगर के साथ-साथ उपनगरों और अंचल के शिवालयों में सुबह से पूजा अर्चना करने के लिए शिव भक्तों की मौजूदगी दर्ज हुई। भगवान के जयघोष और शंखनाद से मंदिरों के पट खुले। इसके बाद शुरु

हुआ पूजा अर्चना का सिलसिला। बच्चों से लेकर उम्रदराज भक्तों ने शिवालयों में पवित्र सावन महीने में महादेव को प्रसन्न करने का प्रयास किया।

कांवर यात्री पहुंचे दरबार में

परंपरा के अंतर्गत कोरबा के सर्वमंगला घाट से कांवर यात्रियों ने पदयात्रा की और कनकेश्वर महादेव में अभिषेक किया। उधर कोरकोमा में प्राकृतिक झरने से जल लेकर भक्तों ने शंकरखोला महादेव में पूजा की। पाली के ऐतिहासिक शिव मंदिर और कटघोरा के हनुमानगढ़ी शिव मंदिर के लिए भी भक्तों ने कांवर यात्रा की। इन सभी स्थानों पर सामाजिक संगठनों की ओर से कांवर यात्रियों के लिए कई सुविधाएं उपलब्ध कराई गई।

सीपेज से परेशान हैं मंडल कर्मी

कोरबा। विद्युत मंडल कोरबा पश्चिम दर्री के आवासों में छतों के मरम्मत का कार्य किया गया है। इसके बाद भी छतों से पानी टपकने के कारण मंडल कर्मी काफी परेशान हैं। इस मुद्दे को लेकर बिजली कर्मचारी संघ के द्वारा बैठक ली गई। जिसमें कहा गया कि आवासों की समस्याओं को लेकर अधिकारियों से मुलाकात की जाएगी। छतों से पानी टपकने के कारण मंडल के कर्मी व उनके परिजन काफी परेशान हैं। इस मामले को लेकर बिजली कर्मचारी संघ के केदार राठौर, हेतराम खूंटे, अजय मिश्रा, व्यंकट राव, मदन मोहन पांडेय, सुनीता जायसवाल अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। इनका कहना है कि बाउंड्रीवाल का निर्माण भी कराया जाना है। इसके अलावा आवासों में और मरम्मतीकरण के कार्य किये जाने हैं। इसे लेकर मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा।

...काम करते रहेंगे चंद्राकर

कोरबा। जिले के पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड में फिलहाल बीईओ के तौर पर अशोक चंद्राकर काम करते रहेंगे। उन्हें एक आदेश के तहत यहां से हटाकर हायर सेकेंडरी स्कूल में पदस्थ किया गया है। पूर्व बीईओ कुंदेश गोभिल को कुछ समय पहले हटाए जाने के बाद से विवाद की स्थिति बनी हुई थी। इसलिए इस मसले को हल करने के लिए दोनों को ही इस पद से पृथक कर दिया गया। सवाल उठता है कि ऐसे में पोड़ी उपरोड़ा में अधिकारी कौन होगा?

जिला शिक्षा अधिकारी तामेश्वर उपाध्याय ने बताया कि बीईओ को हटाने का आदेश निश्चित रूप से हुआ है लेकिन विकल्प में नए बीईओ की पदस्थापना नहीं की गई है। ऐसे में व्यवहारिक तौर पर अशोक चंद्राकर ही नवीन पदस्थापना होने तक यहां बीईओ के रूप में काम करते रहेंगे।

पानी तो नहीं पहुंचा, पाइप बिछाने सड़क खोदने के कारण कई गांवों में समस्याएं

छुरीकला। भारत सरकार द्वारा ग्रामीण अंचल के गांव गांव तक शुद्ध पानी पहुंचाने हेतु नल जल मिशन योजना की शुरुआत की गई परंतु प्रशासन इस योजना के तहत घरों तक पानी पहुंचाने मे असफल साबित होने से दूरस्थ ग्रामीण अंचल के ग्रामीण शुद्ध पानी के लिए भटक रहे है इस योजना के तहत कोरबा जिले के लगभग सभी प्रमुख ब्लाकों मे घर घर पानी पहुचाने हेतु विभागीय अधिकारी द्वारा ठेका दिया गया जिसमें ठेकेदार द्वारा भारी अनियमितता किये जाने से शासन की महत्व कांक्षी योजना भेंट चढ गई , कई ग्रामों मे पानी टंकी बनाकर छोड दिया गया तो ही पर पाइप लाइन बिछाकर अधूरा छोड़ दिया गया तो कुछ ग्राम के घरों मे नलजल के पानी स्टैंड लगाकर छोड दिया गया वहीं पाइप लाइन बिछाने के लिए गली रास्ते को बनायें गये सीसी रोड को खोदाई कर छोड़ दिया गया जिससे गली रास्ता बारिश के पानी से खोदे गये गड्ढों मे पानी भरने से किचड युक्त बन गया है ग्रामीणों को गली रास्ते मे चलना दूभर हो गया है । वही नल जल मिशन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा साप्ताहिक बैठक मे सर्बंधित विभाग के अधिकारियों को पूरा करने की निदेशन दिया जाता है परंतु सर्बंधित विभाग के अधिकारी जिला प्रशासन के निदशन को भी अमल नहीं कर पा रहे है , नलजल मिशन योजना मामले को लेकर विधानसभा सत्र के दौरान उठाये जाने के बाद नलजल मिशन से जुडे अधिकारियों को लापरवाही बरतने के मामले मे निलबिंत भी किया गया है । कटघोरा विकास खण्ड के अंतर्गत कई ग्राम पंचायत लोतलोता , छुरीखुर्द , गांगपुर ,बिसनपुर , सलोरा अनेक दर्जन ग्राम पंचायत मे नलजल मिशन अधूरा पडा है जिसे पूरा करने को लेकर विभागीय अधिकारी संज्ञान नहीं ले रहे है । उल्लेखनीय यह है की केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई नलजल मिशन योजना को राज्य मे भाजपा शासन बनने के बाद जिले मे शासन के विधायक मंत्री होने के बावजूद इस महत्वाकांक्षी योजना पर अमल नहीं किया जाना क्षेत्र वासीयों के लिए बडी विडंबना है ।

सावन उत्सव 11 को

कोरबा। बरेठ समाज का सावन उत्सव कार्यक्रम 11 अगस्त को बालको सेक्टर-5 में आयोजित किया गया है। इस आशय की जानकारी देते हुए श्रीमती सुनीता निर्मलकर ने बताया कि प्रत्येक वर्ष सावन उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया जाता रहा है। इस बार के होने वाले कार्यक्रम में संतोषी निर्मलकर, सरस्वती निर्मलकर, विक्टोरिया कर्ष, राखी रजक, सहोदरा, शैल निर्मलकर सहित अन्य महिलाओं को बुलाया गया है।

ये रहे पेपर, सत्यापन के साथ सुपुर्द किए जा रहे लावारिस वाहन

कोरबा। अलग-अलग स्थान से लावारिस स्थिति में मिले वाहनों को वास्तविक लोगों के हवाले करने की प्रतिक्रिया तेज हुई है। वास्तविक पेपर दिखाए जाने पर ऐसे वाहन सौंपे जा रहे हैं। एडिशनल एसपी ट्रैफिक नेहा वर्मा ने बताया कि अब तक 15 से अधिक मामलों में कार्रवाई की गई है। इसे बढ़ाया गया है। जिले में सभी थाना और चौकी मिलाकर ऐसे वाहनों की संख्या सैकड़ों में हैं। तीन अनुविभाग में इसे सूचीबद्ध किया गया है। बताया गया कि लावारिस वाहनों के बारे में उनके पेपर प्रस्तुत किये जाने पर तकनीकी आधार पर सत्यापन किया जा रहा है और फिर इसके साथ उनकी सुपुर्दगी दी जा रही है।

समस्याग्रस्त बस स्टैंड से आंखें फेरी, हादसे का इंतजार

कोरबा। नगर पालिका परिषद कटघोरा ने बस स्टैंड से लगे प्रतीक्षालय और व्यवसायिक काम्प्लेक्स की बदहाली की तरफ से आंखें फेर ली है। इसलिए यहां की तमाम अव्यवस्था उसे बिल्कुल नजर नहीं आ रही है। लगता है कि हादसा होने के बाद इस तरफ ध्यान दिया जाएगा।

काफी समय से कटघोरा के बस स्टैंड क्षेत्र में दुर्दशा बनी हुई है। वर्षों पहले नगर पालिका के द्वारा बनाए गए यात्री प्रतीक्षालय और व्यवसायिक काम्प्लेक्स का हाल बेहाल है। जहां-तहां पर मजबूती के लिए बिछाई गई लोहे की रॉड उपर झांक रहीं हैं। कारण यह है कि मौके पर किया गया कांक्रीट वर्क टूट-फूट का शिकार हो गया है। मौजूदा स्थिति में बाहर तक आ चुकी रॉड के चलते लोग चोटिल हो रहे हैं। गाड़ियों को नुकसान हो रहा है। भविष्य में बड़े हादसे की आशंका बरकरार है। व्यवसायिक काम्प्लेक्स की छत से लेकर पोर्च के हिस्से में भी इसी प्रकार की समस्याएं हैं। आये दिन यहां के हिस्से टूट-फूट का शिकार हो रहे हैं। इस पर अलग-अलग स्तर से नगर पालिका और वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद का ध्यान आकर्षित कराया गया है लेकिन सुधार कार्य को लेकर कोई रूचि नहीं ली है। नगर के दूसरे हिस्सों की तरह यहां भी गंदगी का आलम है। ऐसे में विभिन्न क्षेत्रों को जाने के लिए कटघोरा के इस बस स्टैंड से यात्री बसों का कनेक्शन लेने वाला वर्ग नाक बंद करने को मजबूर है।

नागरिकों का कहना है कि राष्ट्रीय स्तर पर चल रहे स्वच्छता अभियान से नगर पालिका ने सबक नहीं लिया है। इसके पीछे क्या कारण हो सकता है, यह संबंधित वर्ग ही जानता होगा।

भाजपा बांकीमोंगरा मंडल की बैठक मंगलवार को

कोरबा। भाजपा बांकीमोंगरा नगर मंडल की बैठक कल भामसं कार्यालय विकास नगर में आयोजित किया गया है। इस बैठक में प्रदेश के मंत्री लखनलाल देवांगन व भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह उपस्थित रहेंगे। बैठक में एक पेड़ मां के नाम एवं हर घर तिरंगा को लेकर विचार विमर्श किया जाएगा। इस बैठक को सफल बनाने के लिए मनीष मिश्रा, हनुमान पांडेय, मुकुल कर्ष, लखन राठौर सहित अन्य कार्यकर्ता प्रयास कर रहे हैं। कल ही हरेली का पर्व भाजपा के द्वारा कटघोरा मंडल के ग्राम अरदा में मनाया गया। इस अवसर पर विधायक प्रेमचंद पटेल उपस्थित थे। इसके अलावा मंडल के धन्नू दुबे, अभिषेक गर्ग, अनुराग दुहलानी, किशन केशरवानी, विवेक मारकण्डे, जय गर्ग सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

बोरा दौड़ : उत्साह के साथ संतुलन का दिखा उदाहरण

कोरबा। लोकपर्व हरेली से जहां संस्कृति और परंपरा को मजबूती देने की कोशिश की गई वहीं विविध प्रतियोगिताओं के माध्यम से बताया गया कि जीवन एक प्रकार से संतुलन का नाम है। सर्वमंगला नगर में पहली बार इस तरह का स्वस्थ मनोरंजन हरेली पर हुआ। क्षेत्र के लोगों ने इसकी सराहना की।

सर्वमंगला नगर में क्षेत्रीय विकास समिति ने हरेली पर्व को खास मनाने के लिए क्रियाशीलता दिखाई। कई आयाम इसमें शामिल किए गए। युवाओं के साथ लगातार विचार विनियम से यह कार्यक्रम काफी अच्छा हुआ। यहां के मुख्य मैदान में हरेली पर विविध पारंपरिक खेल नारियल फेंक, बोरा दौड़, चम्मच दौड़, रस्सा-कस्सी, सत्तूल, फुगड़ी, गेड़ी जैसे खेलों का प्रतियोगिता रखा गया था। जिसमें सुबह से ही युवा, बच्चे, बुजुर्ग व महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। ये सभी प्रतियोगिताएं साहस, रोमांच और उत्साह का पर्याय रही। खेल में जीतने वाले प्रतिभागियों को समिति द्वारा प्रशस्ति पत्र, मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समिति के सदस्य, महिला समिति व वार्ड के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

निभाई गई परंपरा

हरेली पर यहां परंपरागत रूप से कृषि उपकरणों की पूजा अर्चना की गई। लुहार ने हर घर के मुख्य द्वार पर कील लगाए। वहीं नीम की पत्ती लगाकर व घरों के चौखट में आशीष देते हैं। मान्यता है कि ऐसा करने से उस घर में रहने वालों की अनिष्ट से रक्षा होती है। इसके बदले में किसान उन्हे दान स्वरूप स्वेच्छा से दाल, चावल, सब्जी और नगद राशि देते हैं।



स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com